तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.5 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025


नीट में दुर्ग के दर्शित छत्तीसगढ़ के टॉपर भिलाई के खुशहाल दूसरे नंबर पर
सामान्य वर्ग में 475 अंक वालों को भी मिल सकता है सरकारी कालेज

## एनएमसी जारी करेगा शेड्यूल

पहले राज्य की नियतांश सीटों पर एडमिशन के लिये चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्तर पर काउंसिलिंग शेड्यूल तय किया जाता था।कुछ सालों से एनएमसी ऑल इंडिया कोटे के साथ राज्यों के लिए काउंसिलिंग शेड्यूल जारी करती है। इस बार राज्य में एमबीबीएस के एडमिशन में संचालनालय का सबसे बड़ा तनाव निजी कालेजों का एनआरआई कोटा है जिसके लिये नियम बनाने का मामला न्यायालय में लंबित है।

**पिछले दो सालों का कटऑफ**

| कालेज | वर्ष 2024 | वर्ष 2023 |
|---|---|---|
| रायपुर | 655 | 611 |
| बिलासपुर | 645 | 592 |
| नांदगांव | 635 | 561 |
| जगदलपुर | 647 | 571 |
| रायगढ़ | 622 | 564 |
| अंबिकापुर | 611 | 557 |
| दुर्ग | 609 | 548 |
| कांकेर | 596 | 530 |
| कोरबा | 597 | 536 |
| महासमुंद | 597 | 533 |

# कम अंक वालों के लिए भी इस बार सरकारी मेडिकल कालेजों की राह आसान
# पिछली बार 596 अंक में अंतिम एडमिशन, इस बार शुरुआत ही 600 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नीट के कठिन पेपर ने कम अंक अर्जित करने वालों के लिए भी शासकीय मेडिकल कालेज में एडमिशन की राह आसान कर दी है। पिछली बार कांकेर मेडिकल कालेज में अनारक्षित वर्ग के 596 नंबर वालों को अंतिम एडमिशन मिला था। इस बार सरकारी कालेज में शुरुआत लगभग 6 सौ के नंबर वालों से होने की संभावना है। राज्य में वर्ष 2023 में 533 अंक वालों को अंतिम प्रवेश मिला था, जो पिछले साल बढ़कर 596 हो गया था और इस यह अंक 475 तक पहुंचने के आसार हैं।

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार पिछले बार सरकारी कालेज की सीट पाने वाले परीक्षार्थियों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ी थी और वर्ष 2023 की तुलना में 66 अंक ज्यादा लाना पड़ा था। इस बार नीट की परीक्षा काफी कठिन रही, जिसे से देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार मेडिकल कालेज में प्रवेश का कट ऑफ 50 अंक तक कम हो सकता है। पिछले साल 720 अंक में ▶▶शेष पेज 11 पर

### नीट की कठिन परीक्षा में परीक्षार्थी अर्जित नहीं कर पाए ज्यादा अंक, स्टेट के टॉपर के 618 नंबर




- वर्ष 2023 में 533, 2024 में 596 और वर्ष 2025 में 475 अंक वालों मिल सकता है मेडिकल कॉलेज में प्रवेश
- पिछली बार यूआर के साथ आरक्षित वर्ग को भी सरकारी मेडिकल कालेज के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ी थी

**अगस्त में काउंसिलिंग की संभावना**

सूत्रों का कहना है कि मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग अगस्त में शुरू होने की संभावना है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्तर पर इसकी प्रक्रिया आने वाले दिनों में शुरू होने के आसार हैं। राज्य में इस बार एमबीबीएस की सीट नहीं बढ़ी है। शासकीय स्तर पर शुरू होने वाले चार कालेज अगले साल तक टल गया है। वर्तमान में शासकीय कालेजों में 2130 सीट हैं जिनमें 700 कालेज पांच निजी कालेजों से संबंधित हैं।

## खबर संक्षेप

### ड्रंक एंड ड्राइव की जांच धरे गए 11 नशेड़ी चालक



**रायपुर।** नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसने यातायात के साथ थानों की पुलिस ने शनिवार तथा रविवार को अभियान चलाकर 11 के खिलाफ कार्रवाई की है। एएसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में पुलिस ने श्रीराम मंदिर चौक, फुंडहर चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस-वे के नीचे रात 11 से 2 बजे तक वाहनों की जांच की। नशेड़ी वाहन चालकों के वाहन जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया। नशेड़ी वाहन चालकों के लायसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को ट्रैफिक पुलिस पत्र लिखेगी।

### सूने मकान में धावा डेढ़ लाख की चोरी

**रायपुर।** आरंग थाने में एक च्वाइस सेंटर के संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी डेढ़ लाख रुपए सहित एक लाख 60 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरंग, दीनदयाल कालोनी निवासी गजेंद्र साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गजेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह 14 तथा 15 जून को अपने पूरे परिवार के साथ गिधवा गया था। मकान का ताला टूटा देख गजेंद्र को उसके पड़ोसी ने चोरी होने की जानकारी दी। अज्ञात चोर ने मेन गेट का ताला तोड़ मकान के अंदर प्रवेश कर चोरी की है।

### मिलावटी शराब मामले में सुपरवाइजर पर केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के लालपुर अंग्रेजी शराब दुकान के सुपरवाइजर के खिलाफ बीआईएस प्लेसमेंट एजेंसी ने ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। बीआईएस की ओर से प्रदीप गुप्ता ने चैन दास बंजारे उर्फ शेखर बंजारे के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। चैनदास पर आरोप है कि उसने अपने बड़े भाई शेखर के आधार कार्ड में फर्जीवाड़ा कर अपनी फोटो लगाकर सुपरवाइजर की नौकरी हासिल की थी। मामले की पड़ताल करने पर फर्जीवाड़ा सही पाया गया। चैन दास पूर्व में आरंग शराब भट्ठी से 70 हजार रुपए घटती पाए जाने पर ब्लैक लिस्टेड हो गया था। इसलिए उसने अपने भाई के आधारकार्ड में फर्जीवाड़ा कर दोबारा नौकरी हासिल की। शेखर के खिलाफ शराब में मिलावट कर बेचे जाने के आरोप में भी अपराध दर्ज किया गया है।

## विद्यार्थियों को बांटे दूसरी कक्षा के प्रश्नपत्र, कहा- आपके पर्चे सेट नहीं, फिर होगी परीक्षा

# रविवि का बिगड़ा सिस्टम, परीक्षाओं में गड़बड़झाला, एक पर्चा रद्द, चार देर से बंटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने परीक्षा में गड़बड़ियों का नया रिकॉर्ड बना दिया है। सोमवार को रविवि की चार विषयों की परीक्षाएं विलंब से प्रारंभ हुईं, तो एक विषय की परीक्षा ही स्थगित कर दी गई। सबसे गंभीर चूक बीवॉक (जेम एंड जेमोलॉजी) छठवें सेमेस्टर की परीक्षा में हुई, जिसमें छात्रों को छठवें सेमेस्टर के बजाय द्वितीय सेमेस्टर के प्रश्नपत्र थमा दिए गए। जब छात्र शिकायत लेकर संबंधित विभाग पहुंचे, तो कार्यालय में ताला लगा था। बाद में उन्हें सूचित किया गया कि छठवें सेमेस्टर का प्रश्न पत्र तैयार ही नहीं किया गया, जिस कारण परीक्षा रद्द कर दी गई। प्रबंधन से इस तरह का जवाब पाकर छात्र भी हैरान हो गए।

गौरतलब है कि रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 4 जून से प्रारंभ हुई हैं। वर्तमान में जारी सेमेस्टर परीक्षाओं में गड़बड़ी का यह पहला मामला नहीं है। पिछले सप्ताह भी इस तरह का घटनाक्रम सामने आया था, जब परीक्षा कक्ष का ताला देर से खुलने के कारण छात्रों को 20 मिनट की देर से प्रश्नपत्र बांटे गए। मामला एलएलबी का था। छात्रों को 20 मिनट का अतिरिक्त समय प्रश्नपत्र हल करने दिया। इस दौरान भी विवि में जमकर हंगामा हुआ था।इसके बाद भी विवि ने सबक नहीं लिया और गड़बड़ियों का सिलसिला जारी है।

### 6 विषयों की परीक्षाएं एक से डेढ़ घंटे विलंब से हुईं प्रारंभ

**टेबल में रोल नंबर ही लिखना भूले**

किसी भी विषय की परीक्षा से एक दिन पूर्व महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा बैठक व्यवस्था पूर्ण कर ली जाती है। टेबल पर छात्रों के रोल नंबर संबंधित स्लीप चिपकाने से लेकर नोटिस बोर्ड में सीटिंग अरेंजमेंट की जानकारी देना भी शामिल है। सोमवार को बीवॉक (जेम एंड जेमोलॉजी) की परीक्षा में ना सिर्फ गलत प्रश्नपत्र बांटे गए बल्कि किसी तरह की कोई तैयारी नहीं की गई थी। किसी भी टेबल पर छात्रों के रोल नंबर अथवा अन्य जानकारी अंकित नहीं थी। प्रश्नपत्र में गड़बड़ी, सीटिंग अरेंजमेंट और बाकी दिक्कतें होने के कारण इसे 19 जून को पोस्टपोंड कर दिया गया। इसके छात्र सुबह से यहां-वहां भटकते रहे। बीवॉक (जेम एंड जेमोलॉजी) के छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को जो प्रश्नपत्र बांटे गए हैं, वे बीवॉक (जेम एंड जेमोलॉजी) द्वितीय सेमेस्टर के हैं। यह परीक्षा 18 जून को होनी थी। चूंकि प्रश्नपत्र पहले ही लीक हो गए हैं, तो इस पर संशय की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

- किसी परीक्षा में बैठक व्यवस्था नहीं तो किसी के प्रश्नपत्र छपकर आए देर से
- कई बार हंगामे के बाद भी रविवि प्रबंधन ने नहीं लिया सबक गड़बड़ियों का सिलसिला जारी



**प्रबंधन की चुप्पी**

एक ही दिन में रिकॉर्ड गड़बड़ी करने के बाद रविवि प्रबंधन ने चुप्पी ओढ़ ली है। पूरे मामले पर विवि प्रबंधन द्वारा किसी भी तरह से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है और ना ही छात्रों की परेशानियां सुनी गईं। कुलसचिव प्रो.अंबर व्यास ने इन मामलों के लिए अधिकृत कुलअनुशासक एके श्रीवास्तव से चर्चा करने कहा तो वहीं कुलअनुशासक द्वारा कोई जवाब ही नहीं दिया गया। जिन विषयों की परीक्षाएं विलंब से शुरु हुईं, उसके छात्र कई घंटे तक विवि परिसर में ही प्रश्नपत्र शुरू होने का इंतजार करते रहे।

**इन विषयों में गड़बड़ी**

- सोमवार को बीएएलएलबी द्वितीय सेमेस्टर तथा बीएड की परीक्षा फार्मेसी विभाग में रखी गई थी। यहां छात्रों को परीक्षा शुरू होने के 1 से 1.30 घंटे बाद प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए गए।
- इसी तरह कला संकाय के भवन में एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां भी विद्यार्थियों को लगभग 1 घंटे की देरी से प्रश्नपत्र प्राप्त हुए।
- बीएएलएलबी 10वें सेमेस्टर के छात्रों को भी प्रश्नपत्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे बाद ही मुहैया कराया गया।
- इंटीरियर डिजाइनिंग और फैशन डिजाइनिंग की परीक्षा सोमवार सुबह 8 बजे से प्रारंभ होनी थी। इनकी परीक्षाएं भी डेढ़ घंटे विलंब से लगभग 9.30 बजे प्रारंभ होने की सूचना है।

**आज सद्बुद्धि यज्ञ**

परीक्षा कार्य में गड़बड़ी के बाद समस्याएं नहीं सुने जाने से आहत छात्रों ने आज सद्बुद्धि यज्ञ का फैसला किया है। छात्र सगंठन एनएसएयूआई द्वारा यह यज्ञ विवि के प्रशासनिक भवन में रखा गया है, जिसमें अन्य छात्र भी शामिल होंगे।

## चिकित्सा शिक्षा आयुक्त दफ्तर का बाबू रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त कार्यालय के एक बाबू को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 50 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बाबू को एसीबी की टीम ने उसके कार्यालय में ही एक सेवानिवृत्त लैब टेक्निशियन से रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सेवानिवृत्त लैब टेक्निशियन ने बाबू के खिलाफ उनके जीपीएफ तथा अन्य मद की राशि देने पैसों की मांग करने की एसीबी में लिखित में शिकायत दर्ज कराई थी।



- रिटायर्ड लैब टेक्निशियन से जीपीएफ तथा अन्य मद की राशि देने के एवज में 50 हजार रुपए मांग रहा था

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने तुकाराम लहरे की शिकायत पर चवाराम बंजारे को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सेवानिवृत्त होने के बाद तुकाराम ने अपने जीपीएफ तथा अन्य मद के पैसे निकालने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त कार्यालय में आवेदन दिया था। पैसे निकालने के लिए वहां का बाबू चवाराम, तुकाराम को दस्तावेज की कमी होने का झांसा देकर घुमाता रहा। इसके बाद बाबू, तुकाराम को उनके जीपीएफ तथा अन्य मद के जल्द पैसे देने 50 हजार रुपए की मांग करने लगा। बाबू के खिलाफ तुकाराम ने ▶▶शेष पेज 11 पर

### गाली-गलौज से मना करने पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शुभम घुंडे ने सैफी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शुभम ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त से मिलने उसके लाखेनगर स्थित ऑफिस गया था। ऑफिस के बाहर सैफी अपने साथियों के साथ गाली-गलौज कर रहा था। गाली-गलौज से मना करने पर सैफी ने शुभम के दोस्त के ऑफिस के अंदर घुसकर उसके साथ मारपीट की।

## फाइनेंस कंपनी की आड़ में तोमर ब्रदर्स चला रहे थे सूदखोरी का धंधा

- विस्टो फाइनेंस कंपनी के वसूली मैनेजर तथा एक अन्य गिरफ्तार
- पुलिस को मिले कथित फाइनेंस कंपनी के ऑफिस से करोड़ों रुपए लेन-देन के दस्तावेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सूदखोरी की आड़ में जबरदस्ती अवैध वसूली करने वाले तोमर भाइयों के नित नए काले कारनामों का खुलासा हो रहा है। पुलिस ने वीरेंद्र, रोहित तोमर के घर में दबिश देकर अवैध रूप से संचालित फाइनेंस कंपनी का भंडाफोड़ किया है। साथ ही पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के वसूली मैनेजर तथा एक अन्य को गिरफ्तार किया है। फाइनेंस कंपनी की आड़ में सूदखोरी की दुकान चलाने के आरोप में विस्टो फाइनेंस कंपनी के वसूली ▶▶शेष पेज 11 पर

**इसलिए संचालित कर रहे थे फाइनेंस कंपनी**

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक तोमर भाई लोगों को सीधे कर्ज देने से बचने तथा अपनी छवि सुधारने के लिए फाइनेंस कंपनी की आड़ में सूदखोरी का काम करने लगे थे। फाइनेंस कंपनी की आड़ में सूदखोरी करने से कोई इन पर वसूली करने का आरोप नहीं लगा सकता था। फाइनेंस कंपनी के माध्यम से लोगों को कर्ज देने से पहले बंधक के तौर पर उनसे प्रॉपर्टी तथा सोने-चांदी के जेवर अपने पास गिरवी रख लते थे।

**करोड़ों लेन-देन के दस्तावेज मिले**

फाइनेंस कंपनी के मैनेजर बंटी तथा जितेंद्र से पुलिस को लेन-देन से जुड़े करोड़ों रुपए के दस्तावेज के तीन से चार रजिस्टर मिले हैं। रजिस्टर की पड़ताल करने के बाद पुलिस ने लेन-देन का वास्तविक आंकड़ा बता पाने की बात कही। फाइनेंस कंपनी में और कौन लोग काम कर रहे थे, गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने अन्य लोगों को गिरफ्तार करने की बात कही।

## आधी रात जोरदार बारिश के साथ दुर्ग पहुंचा मानसून रायपुर में छाए हुए हैं बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अठारह दिन ठहरने के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून आधी रात जोरदार बारिश के साथ दुर्ग पहुंच गया है। रायपुर के ऊपर काफी मात्रा में बादल छाए हुए हैं, मगर बारिश नहीं होने ने मानसून की यहां एंट्री नहीं हुई। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से व्यापक बारिश दो दिन बाद ही संभव नजर आ रही है। पिछले चौबीस घंटे में काफी इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा भी दर्ज की गई है।

**पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, व्यापक बारिश दो दिन बाद संभव**



मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा दंतेवाड़ा में अटके मानसून के आगे बढ़कर दुर्ग में सक्रिय होने की घोषणा की गई है, मगर सोमवार को दिनभर में इसकी सक्रियता बेहद मामूली रही। इसके आगे बढ़ने की प्रबल संभावना है और कल-परसों तक रायपुर सहित अन्य भागों में सक्रिय होने के आसार हैं। सोमवार को राजधानी में बादल छाए रहने के साथ गरजते भी रहे, मगर बारिश नहीं हुई। प्रदेश के अन्य हिस्सों में वर्षा का प्रभाव नजर ▶▶शेष पेज 11 पर

## कचरे का पहाड़ आधे से भी कम हुआ, 28 एकड़ जमीन हो रही खाली, लगेगा सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में कूड़ा से दबी 70 फीसदी जमीन को अनुबंधित एजेंसी ने क्लीयर कर दिया है। बारिश के समय कचरा निष्पादन का कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए स्पॉट पर नई मशीन उतारी गयी है। नगर निगम यहां 28 एकड़ जमीन पर जुलाई में बड़े पैमाने पर पौधारोपण करायेगा। इसे रायपुर सिटी फारेस्ट का रूप दिया जायेगा। यही नहीं, यहां सोलर पैनल लगाकर 1 मेगावाट बिजली उत्पादन की भी योजना है। उत्पादित बिजली को ग्रिड पर डालकर विद्युत पावर कंपनी को विक्रय किया जायेगा, ताकि नगर निगम को फिल्टर प्लांट के भारी भरकम बिजली बिल और स्ट्रीट लाइट के बिजली बिल से राहत मिल सके।

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर डेढ़ दशक से दबे कूड़ा को निकालकर उसका वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने निगम ने रायगढ़ की हिल्बो मेटेलिक आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ अनुबंध किया है। जून 2023 में इस कार्य के लिए 12 करोड़ 64 लाख में ठेका दिया गया। शर्त के मुताबिक अनुबंधित एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम पूरा करना था। एजेंसी के आवेदन पर तत्कालीन निगम आयुक्त ने 6 माह का अतिरिक्त समय दिया, जिसकी मियाद 30 जून तक है। ठेका एजेंसी ने अब तक ▶▶शेष पेज 11 पर

### सोलर पैनल लगाकर 1 मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना



- बारिश में भी नहीं रुकेगा काम, अनुबंधित एजेंसी ने कूड़ा साफ करने नई मशीन उतारी

**सोलर पैनल से बिजली उत्पादन की योजना**

सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में नगर निगम सोलर पैनल से बिजली बनाने की योजना है जिसके मुताबिक 1 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जायेगा। उत्पादित बिजली को ग्रिड में डालकर विद्युत पावर कंपनी को विक्रय किया जायेगा, ताकि नगर निगम को फिल्टर प्लांट के भारी भरकम बिजली बिल से राहत मिल सके। निगम आयुक्त विश्वदीप ने सरोना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा छंटाई का काम 30 जून तक पूरा करने अनुबंधित एजेंसी को कार्य में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिये हैं।

## गुढ़ियारी साइड टिकट काउंटर आज होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य तेज़ी से चल रहा है। इसी क्रम में स्टेशन परिसर के पुराने भवनों और कॉलोनियों को तोड़ने तथा पेड़ों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया के बाद अब निर्माण कार्यों की शुरुआत की जा रही है। स्टेशन रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत, गुढ़ियारी साइड स्थित आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटर को 17 जून 2025 को दोपहर 3 बजे से शिफ्ट कर दिया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह काउंटर अब प्लेटफॉर्म नंबर 7 के बाहर पार्किंग क्षेत्र के पास अस्थायी रूप से संचालित किया जाएगा। यात्रियों को 18 जून 2025 ▶▶शेष पेज 11 पर

**प्लेटफॉर्म 7 के पास मिलेगा टिकट**



**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### नवागांव खपरी में प्रवेश उत्सव मनाया

**आरंग।** ग्राम पंचायत नवागांव खपरी के पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला में सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य वीरेंद्र गोलू हिरवानी, सरपंच धर्मेंद्र पटेल, उप सरपंच अनिल टंडन, पंचगण मंजू नेताम, छत्तीस टंडन, देवनारायण पटेल, शेखर टंडन के अलावा स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### धारदार चाकू से लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** धारदार हथियार चाकू लेकर आम लोगो को डरा धमका कर भयभीत करने वाला युवक गिरफ्तार तिल्दा नेवरा। नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राजेश्वर उर्फ सोमू निषाद नाम का व्यक्ति सासाहोली ओवरब्रिज के नीचे आम जगह में एक धारदार हथियार चाकू लेकर लहराते हुये आने जाने वाले आम लोगो को डरा धमका कर भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस के पहुंचने पर युवक अपने हाथ में धारदार हथियार चाकू लेकर लहराते हुये आने जाने वाले लोगो को डराते धमकाते दिखा। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया, आरोपी राजेश्वर उर्फ सोमू निषाद पिता सुरेश निषाद 25 वर्ष नेवरा निवासी के कब्जे से एक धारदार स्टील के चाकू को जप्त कर आरोपी को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### टेकारी में 5 दिनी योग शिविर आज से

**आरंग।** ग्राम टेकारी (कुंडा) में 17 जून से निःशुल्क योग शिविर का आयोजन पूर्वाह्न 7 बजे से लेकर 9 बजे तक विद्यालय परिसर में किया जा रहा है। जिसका समापन आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन होगा। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होमियोपैथी छत्तीसगढ़ के निर्देश तथा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के योजनानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद अस्पताल टेकारी द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खैरखूंट में 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूंट में आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में 17 से 21 जून तक 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक रखा गया है। यह जानकारी शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भूपेंद्र जांगड़े ने दी।

### कैबिनेट कल

**रायपुर।** राज्य केबिनेट की बैठक बुधवार को सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री निवास पर होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। विभागों से आए प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

### राजस्व विभाग की समीक्षा आज

**रायपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय कार्यो की समीक्षा करेंगे। इस दौरान राजस्व, आपदा प्रबंधन, भूमि अधिग्रहण, नक्शा निरीक्षण और अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से ई-गवर्नेंस के अंतर्गत डिजिटल क्राप सर्वे और जीआईएस कार्यों की प्रगति, राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का विश्लेषण और समयबद्ध निस्तारण, भू-अर्जन मामलों की जांच एवं शिकायतों की स्थिति, प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम के लिए उपकरणों और निधियों के उपयोग की समीक्षा की जाएगी।

**आस्था : कोल्हान से आए सिद्ध हनुमानजी की महिमा अब नए स्वरूप में**

# धरसींवा में 2 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा भव्य हनुमान मंदिर, धरोहर होगी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा





धरसींवा की पहचान, आस्था का केंद्र और जन-जन के आराध्य, थाना के समीप स्थित ऐतिहासिक हनुमान मंदिर, अब एक नए और भव्य स्वरूप में आकार लेने जा रहा है। जनहित और विकास कार्यों के मद्देनजर मौजूदा मंदिर के विस्थापन का निर्णय लिया गया है, जिसके स्थान पर अब धरसींवा थाना के पास ही एक विशाल हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह मात्र एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि धरसींवा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और आस्था को एक नई ऊँचाई देने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह मंदिर सिर्फ पत्थरों और सीमेंट से नहीं, बल्कि आस्था, समर्पण और जन सहयोग से निर्मित होगा। हनुमंत मित्र मंडल धरसींवा और क्षेत्र के समर्पित समाजसेवियों के अथक प्रयासों से इस दिव्य धाम का भूमिपूजन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के कर-कमलों द्वारा संपन्न हो चुका है। धरसीवां से लगभग चार-पांच किलोमीटर दूर स्थित कोल्हान नाला, एक ऐसा स्थान है जहाँ से आज धरसीवां में पूजे जा रहे सिद्ध हनुमानजी का उद्भव हुआ। यह कहानी उस समय की है जब भारत ब्रिटिश गुलामी के दौर से गुजर रहा था, और धरसीवां थाना के सूबेदार एक घटना की जांच के सिलसिले में कोल्हान नाले के समीप गए हुए थे।

जांच पूरी होने के बाद जब सूबेदार वापस लौटने लगे, तो उनका घोड़ा अजीब व्यवहार करने लगा। वह आगे बढ़ने को तैयार ही नहीं था, बल्कि उसी स्थान पर लगातार घूम रहा था। सूबेदार ने आसपास गौर से देखा तो झाड़ियों के बीच उन्हें सिद्ध हनुमानजी की एक प्राचीन प्रतिमा दिखाई दी। यह एक चमत्कारी अनुभव था जिसने सूबेदार को अचंभित कर दिया। ईश्वरीय संकेत मानते हुए, सूबेदार ने अत्यंत श्रद्धाभाव से उस हनुमानजी की प्रतिमा को अपने घोड़े पर विराजित किया और उन्हें धरसीवां थाना के सामने एक विशाल वृक्ष के नीचे विधि-विधान से प्रतिष्ठित किया। यह एक साधारण शुरुआत थी, लेकिन इसने एक महान आस्था के केंद्र की नींव रख दी। समय के साथ, स्थानीय भक्तों ने मिलकर उस स्थान पर एक छोटी सी मढ़िया (छोटा मंदिर) का निर्माण कराया।

धीरे-धीरे, लोगों की मनोकामनाएं इस स्थान पर आकर पूरी होने लगीं। भक्तों की अटूट आस्था और सिद्ध हनुमानजी के चमत्कारों ने इस स्थान की प्रसिद्धि को दूर-दूर तक फैला दिया। जैसे-जैसे भक्तों की संख्या बढ़ती गई और उनकी मनौतियां पूर्ण होती गईं, इस स्थान के प्रति लोगों की श्रद्धा और भी गहरी होती चली गई। आज, वह छोटी सी मढ़िया एक भव्य मंदिर का रूप लेने की ओर अग्रसर है। हाल ही में, इस पवित्र स्थान पर भव्य मंदिर के निर्माण के लिए भूमिपूजन संपन्न हुआ है। यह धरसीवां और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है, जहाँ कोल्हान नाला से आए सिद्ध हनुमानजी अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हुए, उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हैं। यह कहानी न केवल एक मंदिर के उद्भव को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि कैसे विश्वास और श्रद्धा एक साधारण शुरुआत को एक महान और पूजनीय स्थान में बदल सकते हैं।

**दो करोड़ से अधिक की लागतः एक बड़ा स्वप्न, एक बड़ा अवसर**

यह मंदिर लगभग दो करोड़ से भी अधिक की लागत से निर्मित होगा। यह राशि किसी एक व्यक्ति या संस्था के लिए वहन करना संभव नहीं है, बल्कि यह धरसींवा और आसपास के क्षेत्र की धर्मपरायण जनता के सामूहिक सहयोग से ही संभव हो पाएगा। मंदिर समिति ने इस भव्य स्वप्न को साकार करने के लिए सभी श्रद्धालुओं, दानदाताओं और समाज के प्रबुद्धजनों से खुलकर सहयोग की अपील की है। आपकी एक छोटी सी मदद भी इस विशाल परियोजना को गति प्रदान कर सकती है।

# प्रांतीय गुरु बालक दास वेश भूषा स्पर्धा में बेटियों ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम डोमा में आयोजित राजा गुरु बालक दास वेशभूषा स्पर्धा मे अधिक संख्या मे बच्चो ने हिस्सा लिया। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ कमल कुर्रे ने बताया कि स्पर्धा मे बाबा बालक दास के रूप आए बच्चो को देख समाज प्रमुखों व वक्ताओं ने आयोजन को काफी सराहा। इस स्पर्धा मे प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर सतनामी समाज की बेटियों ने बाजी मारी। कार्यक्रम मे प्रथम रहे हर्षिता भारती राजनांदगांव को 21000, द्वितीय तनीषा जांगड़े डोमा को 15000, तृतीय आलोक बांधे पिरदा (धरसीवां) को 11000 से पुरस्कृत किया गया। वही अन्य प्रतिभागियों को मोमेंटो, साल, प्रस्तति पत्र, फूल माला से स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान हृदय प्रकाश अनंत, यशवंत सतनामी, जितेन्द्र बंजारे, उत्तसेन गहिवारे, सुंदर लहरें, विनोद भारती, शंकर सोनवानी, रघुनाथ भारद्वाज, मनोज बंजारे, दिलीप कुर्रे, राकेश बघेल, वीरेंद्र मतावले, हरीश जांगड़े, हेमलाल भारती, धरम पाटिल, राजा बंजारे, रमेश जांगड़े, मोना खांडे, चन्दन बांधे, शिवा जांगड़े, प्रवीण बंजारे, वीरेंद्र हिरवानी, डेमसन दिड़ही, उपकार सुलतान, डॉ पार्वती कुर्रे, चंद्रशेखर खरे, परमेश्वर टंडन, संजय सारंग, अजय जांगड़े, राहुल खेलवार, बबलू महेश्वर, राहुल माहेश्वरी, शंभु सतनामी, दिलीप मीरी, लक्ष्मीदास कुर्रे, लक्ष्मण, कुलेश्वर, ललित, राहुल सहित बड़ी संख्या मे समाज प्रमुख एवं युवा टीम शामिल हुए।

### आज आएंगे शिवप्रकाश

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिव प्रकाश मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आएंगे। केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर बिलासपुर में दोपहर 2.30 बजे आयोजित अमृतकाल प्रदर्शनी और प्रोफेशनल मीट में वे मुख्य वक्ता होंगे।

# लखौली में मनाया शाला प्रवेश उत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखौली में नवीन सत्र 2025-26 आरम्भ के अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव 2025 कार्यक्रम पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच हिरामन साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष शेखर साहू, विद्यायक प्रतिनिधि रत्थु साहू एवं उपसरपंच भीमा मोहन साहू सम्मिलित हुए। सभी अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत टीका एवं फूल से करते हुए टॉफी एवं बिस्किट वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा पढ़ाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सत्र आरम्भ से अध्ययन कार्य प्रारंभ कर अच्छे शिक्षा हेतु प्रेरित वक्तव्य दिया गया। शाला प्रवेशोत्सव का यह कार्यक्रम संस्था की प्राचार्य राज्यश्री गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यालय परिवार के द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता ज्ञानकुमार वर्मा, अनिता बखला, गोवेर्धन जंघेल, संगीता यादव, मंजुलता पटेल, बसंती साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रीति गुप्ता, योगेश कुमार बघेल, वर्षा चंद्राकर, संतोष कुमार निषाद ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# भाजपा आरंग मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन में एवं संभाग प्रभारी सौरभ सिंह के सहमति से भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण कोर कमेटी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग के अनुशंसा से भाजपा आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु ने मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की सूची जारी की। जिनमे मंडल पदाधिकारी में मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, विनोद साहू, लीला ध्रुव, मुरली चंद्राकर, मंडल महामंत्री अशोक चंद्राकर, पूनमचंद साहू, मंडल कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश देवांगन, मंडल मंत्री दौलत साहू, धनंजय साहू,सीमा लोधी, डॉ पुरुषोत्तम साहू, पुष्पा यादव, जिला प्रतिनिधि अभिषेक राजा तंबोली, मंडल मीडिया प्रभारी सतीश मानू जलछत्री, सह प्रभारी शीतल बंजारे, मंडल कार्यालय प्रभारी सनद साहू, सह प्रभारी कोमन साहू बने। कार्यकारिणी की घोषणा होने पर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनु. जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक आरंग गुरु खुशवंत साहेब, जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ ध्रुव कुमार मिर्धा, पूर्व विधायक द्वय नवीन मार्कंडेय, संजय ढीढी, भाजपा नेत्री डॉ किरण बघेल, जिला महामंत्री छोटेलाल सोनकर, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र चंद्रकार, केके भारद्वाज, जिला मंत्री अभिषेक राजा तम्बोली, आशीष शर्मा, बेदराम खूटे, सुरेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कौशले, समस्त पार्षदगण नरेंद्र लोधी, भानमती राकेश सोनकर, गोलू वीरेंद्र कंडरा, चितरेखा विक्रम परमार, सेवती तोषण साहू, गणेश साहू, चंद्रशेखर साहू, सूरज लोधी, पंकज शुक्ला, शंकर जलछत्री, चेतन जलछत्री, दिलीप जलछत्री, आनंदमूर्ति अग्रवाल, रेखराज देवांगन, अशोक यादव, प्रकाश रात्रें, शीतल बंजारे, नन्द कुमार लोधी, कुशाल देवांगन, नीरज चंद्राकर, पद्मनी साहू, आशा वैष्णव, आशा साहू, बसंती साहू, मेनका सोनी, संगीता साहू, बिशन लहरी, ओमप्रकाश देवांगन सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# भरत दास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ पनिका समाज के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



रविवार को अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सचिव व महासचिव पद के लिए हुए चुनाव में भरत दास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किये गए। जबकि गोपाल दास पड़वार कोषाध्यक्ष, गोरेदास मानिकपुरी सचिव व नानहीदास दिवान महासचिव पद के लिए निर्वाचित घोषित किये गए। समाज के सफल संचालन हेतु उपरोक्त पदाधिकारियो के चयन के साथ प्रदेशभर के समाजजनों में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई है। विदित हो कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष भरत दास मानिकपुरी समाज के एक अनुभवी, कर्मठ और समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने वर्षों से समाज के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए कार्य किया है। उनके नेतृत्व में समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात भरतदास मानिकपुरी ने कहा यह पद मेरे लिए एक सम्मान नहीं, बल्कि समाज की सेवा का माध्यम है। समाज के युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देना, महिलाओं को सशक्त बनाना और समाज में एकता बनाए रखना मेरी प्राथमिक प्राथमिकता होगी। /"उनके इस निर्वाचन पर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, जांजगीर, महासमुंद, अंबिकापुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों से समाजजनों ने बधाई दी। इधर लखौली पार के अध्यक्ष मानिकदास मानिकपुरी ने कहा कि भरतदास मानिकपुरी के नेतृत्व में समाज को नई दिशा मिलेगी। उनका अनुभव और समर्पण समाज को मजबूती प्रदान करेगा। भरत दास मानिकपुरी ने बताया कि वे समाज के होनहार विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना, युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण केंद्र और सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं पर काम करेंगे। साथ ही समाज को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकजुट करने का भी संकल्प लिया गया है।

# नया शिक्षा सत्र 1 जुलाई से प्रारम्भ करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



आरंग प्रदेश में भीषण गर्मी व लू को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्यगत कारणों से अब ग्रीष्मकालीन अवकाश को 30 जून तक बढ़ाने की मांग उठने लगी है।

पर्याप्त वर्षा न होने व हल्की बारिश के कारण उमस व गर्मी काफी बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ में अभी भी तापमान 45 डिग्री है खासकर ग्रामीण अंचल की शालाओं में न तो कूलर पंखे का पर्याप्त इंतजाम है और न ही पेयजल की व्यवस्था है। ऐसी स्थिति में जबकि सुबह से ही गर्म हवाएं चलती है, बच्चों के लिए कक्षाओं में बैठना मुश्किल है, गर्मी के चलते हीट वेव व डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं बच्चों के लिए खतरा साबित हो सकती है।

बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर पालकगण भी चिंतित हैं। प्रदेश में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के चलते विरोध में शिक्षक साझा मंच ने मोर्चा खोल दिया है। अब यह मामला हाई कोर्ट में चला गया है, जिसके चलते कई शिक्षकों ने अभी भी पदभार ग्रहण नहीं किया है। सनातन धर्म परिषद आरंग प्रवक्ता पं छत्रधर दीवान, भानू प्रताप डहरिया, हेमंत चंद्राकर, नेमेश्वर साहू, टीकाराम साहू, डीपी बघेल, हीरामणि साहू, रोमेश चंद्राकर, गोवर्धन धीवर, जगजीवन जांगड़े, टीके कोटरे, आरएस कुंजे आदि ने कहा कि युक्तियुक्तकरण की भांति शिक्षकों की पदोन्नति व भर्ती को भी एक मिशन की तरह चलाया जाए। प्रवक्ता दीवान ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों की सेहत व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। धर्म परिषद ने साय सरकार से नया शिक्षा सत्र 1 जुलाई से प्रारम्भ करने का आग्रह किया है।

# लोक गायक राजेंद्र रंगीला को मिला डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के जाने-माने राजेंद्र रंगीला को नई दिल्ली में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान उनके लोक संगीत, गायन और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति व लोकगाथाओं के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देता है। ज्ञात हो कि राजेंद्र रंगीला को इससे पूर्व छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्योत्सव 2024 में प्रतिष्ठित गुरु घासीदास राज्य अलंकरण सम्मान से भी नवाजा जा चुका है, जो उनके कलात्मक सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। रायपुर जिले के ग्राम कुटेशर के निवासी श्री राजेंद्र रंगीला लोक कला के प्रति अपनी गहरी निष्ठा और समर्पण के लिए जाने जाते हैं। वे छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को देश-विदेश में पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में 40 लोक कलाकारों की एक टोली ने विभिन्न मंचों पर लोक संगीत पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दी हैं, जिससे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को एक व्यापक पहचान मिली है। इस डॉक्टरेट की उपाधि से राजेंद्र रंगीला का सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की लोक कला और संस्कृति के लिए भी गौरव का क्षण है।

**जांच दल स्कूल परिसर में गंदगी देख रह गए स्तब्ध**

# स्कूली किताब बेचने के आरोप में शिक्षा समन्वयक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी



औद्योगिक क्षेत्र सांकरा के स्कूल परिसर में स्कूल बंद होने के उपरांत कबाड़ियों को बुलाकर स्कूली किताबों को बेचने के आरोप में शिक्षा समन्वय पूर्णिमा वर्मा को निलंबित कर दिया गया है वहीं वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच दल गठित कर जांच करने के आदेश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश अनुसार जांच दल द्वारा जैसे ही ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूल परिसर में पहुंचे तो गंदगी देखकर स्तब्ध हो गए स्कूल परिसर में खाली शराब की बोतल डिस्पोजल जगह-जगह देखने को मिला जिसे देखकर जांच दल ने नाराजगी और तत्काल इस सफाई करने के आदेश दिए। वहीं स्कूल का नाम अंकित नहीं होने पर भी फटकार लगाई। वहीं दूसरी ओर अगर इस मामले में देखा जाए तो ग्रामीण एवं स्थानीय पंच प्रतिनिधि परमानन्द वर्मा के अनुसार सफाई व्यवस्था और स्कूल परिसर के नाम पर दुकान संचालित हैं वहां से सालाना लाखों की आवक है, फिर भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। स्कूल खुलते ही बच्चों का सामना स्कूल परिसर में फैली गंदगी से होता है इससे बच्चों की मानसिकता पर क्या असर होता होगा, इसे गंभीरता से लेने वाला कोई नहीं है। इतने बड़े स्कूल परिसर में जिम्मेदारों ने जिम्मेदारी निभाना छोड़ दिया है।

**पंच प्रतिनिधि ने लगाए गंभीर आरोप**

ग्राम के पंच प्रतिनिधि परमानंद वर्मा ने स्कूली किताबों को बेचने के लिए कबाड़ियों को बुलाने वाले पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है, उन्होंने कहा है कि वीडियो में साफ-साफ देखा जा सकता है कि स्कूल बंद उपरांत संध्या कॉलिन विडियो में कबाड़ियों ने क्या कहा उन्हें किताबें लेने के लिए बुलाया गया है, इससे साफ जाहिर होता है कि किताबों को बेचने के मकसद से उन्हें बुलाया गया। जिसका लिखित शिकायत वर्मा द्वारा दिया गया। स्कूल परिसर में सीसीटीवी कैमरा भी टूटे हुए हैं जिसे सुधरवाया नहीं गया। स्कूल परिसर में सामाजिक तत्वों का अड्डा भी बना रहता है, स्कूल परिसर में भी कई बार चोरी हो चुका है। लेकिन इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं सीसीटीवी कैमरा दुरूस्त करने जरूरत नहीं समझी।

# मुकेश ढीढी सरपंच संघ के अध्यक्ष बने



**अभनपुर।** ग्राम पंचायत गोतियारडीह सरपंच एवं अभनपुर ब्लॉक सरपंच संघ मुकेश ढीढी को रायपुर जिला सरपंच संघ का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। ढीढी के निर्वाचन से उनके समर्थकों, शुभचिंतकों के साथ सतनामी समाज के लोगों में खासा उत्साह है, सभी ने ढीढी को बधाई प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है । वहीं ढीढी ने अपने निर्वाचन पर रायपुर जिले के सभी सरपंचों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया है कि वे सरपंचों के हित को प्राथमिकता देते हुए उनके सहयोग के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे। बता दें ढीढी वर्तमान में रायपुर जिला खनिज न्यास समिति के सदस्य भी हैं। मुकेश ढीढी को जिलाध्यक्ष बनने पर अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने गुलदस्ता भेंट कर बधाई दिया इस अवसर पर हेमकुमार मार्कण्डेय, भरत बैंस,जिपं.सदस्य अन्नु तारक, खेमराज कोशले, महेंद्र खुटियारे जनपद सदस्य, राजू बारले, हिमांशु खरे, कमल तारक, राजा राय, अंकेश बजाज, नेतराम साहू, तुलाराम साहू, मन्नू साहू, संजय बंजारे, बसंत कोशले, पार्षद रूपनारायण साहू, नन्हे धृतलहरे, नरेश बारले, चंदन सोनवानी, भागीरथी बारले, आशीष जोशी, बुद्धेश्वर साहू, राजेंद्र अनेश्वरी, राजेश जोशी, धरम महिलांग, सुरेश भट्ट सहित आदि उपस्थित लोगो ने मुकेश ढीढी का हार पुष्प से स्वागत करते मुंह मीठा कराते बधाई प्रेषित किया।

# 30 फीसदी छूट के बाद भी नहीं बिके गृह निर्माण मंडल के 50 फीसदी मकान

## 29 सौ मकान थे खाली, अब भी 17 सौ को खरीदार का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के करीब डेढ़ दर्जन जिलों में करीब तीन हजार मकान की बिक्री न होने के कारण प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने 10 से 30 फीसदी तक छूट देने का फैसला किया। इसके बाद भी अब तक 50 फीसदी मकान नहीं बिक सके हैं। मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव के मुताबिक 29 सौ में से अभी 17 सौ मकान खाली हैं, इनको लगातार बेचने का प्रयास हो रहा है। आने वाले समय में हर जिले में मकान बनाने की योजना तैयार कर रहे हैं। इस बार ब्लाक स्तर पर भी मकान बनाए जाएंगे। दीपावली के समय नई योजनाएं लांच करने की तैयारी है।

गृह निर्माण मंडल ने भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में 19 जिलों में जो मकानों की योजनाएं लाने का काम किया था, उन योजनाओं में से करीब 500 करोड़ के तीन हजार मकान बीते सात साल से बिक ही नहीं रहे हैं।

इसकी जानकारी प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को होने पर इस सरकार ने इन मकानों को बेचने के लिए 10 से 30 फीसदी तक छूट का प्रावधान करके इसको कैबिनेट में मंजूर किया। इसके बाद अब छूट देने का विज्ञापन करके मकान बेचे जा रहे हैं। आवासीय संपत्तियों में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी आवास शामिल हैं। इसकी कीमत तीन लाख से लेकर एक करोड़ से ज्यादा भी है। शहर से दूर आउटर इलाकों में बने मकानों को लोग पहुंच के साधन और अन्य कारणों से नहीं खरीदते। पहले भी छूट देकर बेचने का प्रयास किया गया था, लेकिन तब भी ये नहीं बिके। अब कुछ फायदा हो रहा है और मकान बिक रहे हैं। लेकिन सभी मकानों का बिक पाना आसान नहीं है।



**अब 17 सौ ही खाली**

करीब 29 सौ मकान के लिए 10 से 30 फीसदी की छूट देने के बाद अब तक जहां नौ सौ मकान बिक गए हैं, वहीं करीब तीन सौ की बुकिंग हो गई है। इस समय की स्थिति में 17 सौ मकान ही खाली बचे हैं।

- अनुराग सिंहदेव
अध्यक्ष,
गृह निर्माण मंडल

### नया रायपुर में नहीं मिल रहे लेवाल

नया रायपुर के जिन सेक्टरों में मंडल ने मकान बनाए हैं, उनको खरीदने वाले नहीं मिल रहे हैं। नया रायपुर में बसाहट न होने के कारण वहां मकान लेने में लोगों की रुचि नहीं है। मंडल की वेबसाइट के मुताबिक नया रायपुर के सेक्टर 29 में 154 मकान खाली हैं। इनकी कीमत 11 लाख से एक करोड़ तक है। इसको कोई नहीं खरीद रहा है। इसी तरह से नया रायपुर के सेक्टर 27 में 67 मकान खाली हैं। इनकी कीमत 12.26 लाख से चार करोड़ तक है। सेक्टर 12 में 525 मकान खाली हैं। इनकी कीमत 16.76 लाख से 85.47 लाख है। बोरियाकला के मकान तो खंडहर हो गए हैं। यहां पर तीन सौ से ज्यादा मकान खाली हैं। इनकी कीमत 17.23 लाख से 22.93 लाख है। इसी तरह से सेजबहार, सड्डू में दुकानें खाली पड़ी हैं। बोरियाकला में भी 29 दुकानें खाली हैं। इनकी कीमत 5.70 लाख से 25.40 लाख रुपए है।

### अटल आवास भी नहीं बिक रहे

मंडल ने प्रदेश भर के कई शहरों में अटल आवास बनाने का काम किया है, लेकिन कम कीमत वाले ये मकान भी नहीं बिक रहे हैं। मंडल की वेबसाइट के मुताबिक बीजापुर में 143 अटल आवास खाली हैं। इनकी कीमत 8.97 लाख से 24 लाख है। इसी तरह से धमतरी में 88 मकान खाली हैं। इनकी कीमत 7.72 लाख से 27.45 लाख है। नवापारा में 122 मकान खाली हैं। इनकी कीमत 7.41 लाख से 31.05 लाख है। राजिम में 53 मकान खाली हैं। इनकी कीमत 7.91 लाख से 29.52 लाख है। बालोद में 118 मकान खाली हैं। इनकी कीमत 7.27 लाख से 25.71 लाख है। बालोद के सिवनी में 45 मकान खाली हैं। इनकी कीमत 5.41 लाख से 32.90 लाख है। भानुप्रतापपुर में 60 मकान खाली हैं। इनकी कीमत 6.75 लाख से 6.86 लाख है।

## खबर संक्षेप




### कैबिनेट कल

**रायपुर।** राज्य केबिनेट की बैठक बुधवार को सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री निवास पर होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। विभागों से आए प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

### आज आएंगे शिवप्रकाश

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिव प्रकाश मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आएंगे। केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर बिलासपुर में दोपहर 2.30 बजे आयोजित अमृतकाल प्रदर्शनी और प्रोफेशनल मीट में वे मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहिले, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश संयोजक रजनीश सिंह होंगे।

### राजस्व विभाग की समीक्षा आज

**रायपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय कार्यो की समीक्षा करेंगे। इस दौरान राजस्व, आपदा प्रबंधन, भूमि अधिग्रहण, नक्शा निरीक्षण और अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से ई-गवर्नेंस के अंतर्गत डिजिटल क्राप सर्वे और जीआईएस कार्यों की प्रगति, राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का विश्लेषण और समयबद्ध निस्तारण, भू-अर्जन मामलों की जांच एवं शिकायतों की स्थिति, प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम के लिए उपकरणों और निधियों के उपयोग की समीक्षा की जाएगी। इसी तरह सर्वे-रीसर्वे, नक्शा, परियोजना और विंड्स योजना की प्रगति की रिपोर्ट के साथ-साथ मानसून से पहले आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा और एनडीआरएफ के फायर सेफ्टी सिस्टम के आधुनिकीकरण की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में नवपदस्थ नायब तहसीलदारों, भू-अभिलेख अधिकारियों तथा अन्य राजस्व अधिकारियों की पदोन्नति से जुड़ी प्रक्रियाओं की प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी।

### बैज बोले- छत्तीसगढ़ में कौन चला रहा है सरकार, भाजपा नेताओं में भ्रम की स्थिति

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में सरकार कौन चला रहा है? जनता पहले ही इस सरकार को दिल्ली से चलने वाली रिमोट वाली सरकार कह रही थी। अब सरकार के तीन-तीन नये खेवनहार सामने आ गये हैं। जनता जानना चाहती है सरकार क्या राज्यपाल चला रहे हैं? विधानसभा अध्यक्ष चला रहे हैं? या सरकार का नियंत्रण पूरी तरह से मुख्यमंत्री के हाथों में है? 17 महीने की सरकार में पूरे प्रदेश में अराजकता फैल गई है।



## समितियों में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण और किसानों की मांग के अनुरूप वितरण किया जाए

# जिलों में उग रही है नकली खाद-बीज की फसल मंत्री ने कहा- शामिल अफसरों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने सोमवार को विभागीय कामकाज की समीक्षा के दौरान कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा, किसानों को उनकी मांग के अनुरूप प्रमाणित खाद-बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित हो। उन्होंने समिति केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज के भण्डारण और वितरण भी सुनिश्चित करने के साथ ही किसानों को उनकी मांग के आधार पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, राज्य के अलग-अलग स्थानों से नकली खाद-बीज की शिकायतें मिल रही हैं। खाद-बीज की क्वालिटी और प्रमाणिकता को लेकर किसानों को जागरूक करें। मंत्री ने कहा, इसमें अधिकारियों-कर्मचारियों की संलिप्तता का मामला पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर स्थित न्यू सर्किट हाउस में प्रदेशभर के कृषि अधिकारियों की मैराथन बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने कहा, हमारी सरकार की प्राथमिकता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें देना है। उन्होंने समिति केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज के भण्डारण और वितरण भी सुनिश्चित करने के ही किसानों को उनकी मांग के आधार पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य में मसाला, फूल और फलों की खेती की काफी संभावनाएं हैं। अतः किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए जिलेवार वहां के वातावरण के अनुरूप अधिक उत्पादकता वाली उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने प्रदेश में सुगन्धित धान की खेती को बढ़ावा दिया जाए और इसे छत्तीसगढ़ के ब्रांड के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों में विशेषकर मिलेट्स फसलों के रकबा में बढ़ोत्तरी के लिए किसानों को जागरूक करने पर बल दिया।

### कृषि मंत्री ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की




### पीएम किसान योजना में छूटे हुए किसानों का कराएं केवायसी

कृषि मंत्री ने केन्द्र और राज्य पोषित योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छुटे हुए किसानों का केव्हायसी पूरी सजगता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के तहत पात्र आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, स्वायल हेल्थ योजना आदि की भी प्रगति की समीक्षा की और इन योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

### लगातार निगरानी रखी जा रही

खरीफ सीजन की विभिन्न फसलों के लिए 4 लाख 95 हजार 58 क्विंटल बीज की डिमांड को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा 4 लाख 29 हजार 535 क्विंटल बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। समितियों के माध्यम से किसानों को अब तक 2 लाख 62 हजार 232 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है। राज्य में खाद एवं बीज का भण्डारण एवं उठाव की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### कुल भंडारण का 50 प्रतिशत किसानों को वितरित

अधिकारियों ने बैठक में बताया कि चालू खरीफ सीजन के लिए कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। खरीफ के लिए खाद-बीज का पर्याप्त भण्डारण कराए जाने के साथ ही किसानों को इसका तेजी से वितरण भी किया जा रहा है। खरीफ सीजन के लिए रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य 14 लाख 62 हजार मेट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जिसमें राज्य स्तर पर सरकारी क्षेत्र में 9.49 लाख मीट्रिक टन तथा निजी क्षेत्र में 5.13 लाख मीट्रिक टन है। इसमें 7 लाख 12 हजार यूरिया, डीएपी 3.10 लाख, एनपीके 1.80 लाख, पोटाश 60 हजार एवं सुपर फास्फेट 2 लाख मीट्रिक टन शामिल है। लक्ष्य के विरूद्ध 10.67 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण कर किसानों को 5.23 लाख मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि उर्वरक कंपनियों से विभिन्न प्रकार की खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग सतत संपर्क एवं समन्वय करें, ताकि राज्य की डिमांड अनुरूप उर्वरकों की रैक निर्धारित सेड्यूल के अनुरूप उपलब्ध हो सके। आज की स्थिति में यूरिया 4.96 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 1.13 लाख मीट्रिक टन, एनपीके 1.60 लाख मीट्रिक टन, पोटाश 72 हजार 879 एवं सुपर फास्फेट 2.26 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण हो चुका है, जिसमें से यूरिया 2.52 लाख, डीएपी 74 हजार 575, एनपीके 86 हजार 280, पोटाश 31 हजार 152 एवं सुपर फास्फेट 79 हजार 408 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को किया गया है।

## प्रदेश संगठन की बैठक भी होगी

# भाजपा विधायक दल की बैठक कल शिव प्रकाश, नितिन नवीन भी रहेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा विधायक दल की बैठक बुधवार को दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रखी है। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन भी बैठक रहेंगे। इसी के साथ बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का भी मार्गदर्शन भी मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री और विधायक शामिल होंगे। इसी के साथ शाम को प्रदेश संगठन की बैठक भी होगी।

प्रदेश के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश का छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है। वे मंगलवार को यहां आ रहे हैं। पहले दिन वे बिलासपुर के कार्यक्रम में जाएंगे। इसके बाद दूसरे दिन यहां पर बैठकें होंगी। इसी के साथ प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी आ रहे हैं। वे मंगलवार की रात को यहां पहुंचेंगे। ऐसे में भाजपा विधायक दल की बैठक बुधवार को रखी गई है। बैठक में राष्ट्रीय नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। प्रदेश संगठन के नेताओं का कहना है कि विधायक दल की बैठक की कोई खास वजह नहीं है, आमतौर पर जब भी राष्ट्रीय स्तर के नेता आते हैं तो ऐसी बैठक की जाती है। इसी के साथ प्रदेश संगठन की भी बैठक होगी।

इसमें केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल को लेकर जो कार्यक्रम हो रहे हैं, उसको लेकर चर्चा होगी। अब तक जो कार्यक्रम हुए हैं और आगे क्या-क्या कार्यक्रम होंने हैं, इसको लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री पवन साय, महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, संजय श्रीवास्तव, रामजी भारती और भरत वर्मा भी शामिल होंगे। इसी के साथ सभी संभागों के प्रभारी बैठक में रहेंगे। बैठक शिव प्रकाश और नितिन नवीन लेंगे।

# केंद्र सरकार के 11 साल नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने वाले रहे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आज एकात्म परिसर में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष हर आम नागरिक के जीवन में खुशहाली, सम्मान और सुरक्षा लाने वाले रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, गरीबों को पक्के मकान, किसानों को तिगुनी आय, महिलाओं को सशक्तिकरण, युवाओं को नए अवसर, और देश को आत्मनिर्भरता यही इन वर्षों की असली उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, महतारी वंदन, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने जन-जन तक विकास और विश्वास पहुंचाया है। श्री अग्रवाल ने कहा, आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच चुकी है और तीसरे स्थान की ओर तेजी से अग्रसर है। सामरिक सुरक्षा, आतंकवाद-नक्सलवाद की समाप्ति जैसे बड़े कार्य प्रधानमंत्री श्री मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और नेतृत्व में सफल हो रहे हैं। हमें अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी है। कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, निगम-मंडल के अध्यक्ष, अधिवक्ता, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, शिक्षक, व्यापारी वर्ग सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# स्थानांतरण नीति के खिलाफ हुआ है तबादला तो 15 दिन में पेश कर सकते हैं अभ्यावेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के अनुसार राज्यभर में शासकीय सेवकों के तबादले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी बीच अगर तबादले के बाद किसी कर्मी को लगता है कि स्थानांतरण नीति के खिलाफ या उल्लंघन करते ट्रांसफर किया गया है, तो इस तरह के मामलों की सुनवाई भी होगी। राज्य सरकार ने कहा है कि तबादले से व्यथित अधिकारी कर्मचारी आदेश जारी होने के बाद 15 दिनों के भीतर अभ्यावेदन कर सकते हैं। इस मामले को लेकर राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि 5 जून को स्थानांतरण नीति जारी कर स्थानांतरण पर प्रतिबंध को शिथिल किया गया है। हालांकि स्थानांतरण आदेश जारी करने की प्रक्रिया सावधानी पूर्वक की जाती है, इसके बावजूद स्थानांतरण के प्रकरण जिनमें अधिकारियों -कर्मचारियों को लगता है कि स्थानांतरण आदेश में नीति का उल्लंघन किया गया है। तो वे कर्मचारी हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हैं। लेकिन अब तबादला आदेश जारी होने के बाद 15 दिनों के अंदर अभ्यावेदन पेश कर सकते हैं, ताकि उनके मामलों पर सुनवाई की जा सके।

### वरिष्ठ सचिवों की टीम करेगी निराकरण

स्थानांतरण संबंधी प्रकरणों के परीक्षण के बाद निराकरण करने के लिए राज्य शासन ने वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति बनाई है। इसमें समिति के अध्यक्ष एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी, सदस्य, और सामान्य प्रशासन विभाग के भारसाधक सचिव सदस्य सचिव होंगे। यह समिति अभ्यावेदनों पर स्थानांतरण नीति 2025 के मुताबिक परीक्षण करने के बाद अपनी अनुशंसा कर अनुशंसा की प्रति संबंधित विभाग को भेजेगी। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा अनुशंसित प्रकरणों पर समन्वय में अनुमोदन की विधिवत प्रक्रिया करेगी, उसके बाद नया आदेश जारी किया जाएगा।

# आयुष विवि में कार्यपरिषद नहीं... आरटीआई की जानकारी से बनी भ्रम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय का कामकाज बिना कार्यपरिषद के चल रहा है। सूचना के अधिकार के तहत कालेज प्रबंधन द्वारा कार्य परिषद नहीं होने की जानकारी दिए जाने से भ्रम की स्थिति बनी हुई है। दूसरी ओर विवि प्रबंधन का तर्क है विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत यहां प्रबंधन समिति काम करती है।

- प्रबंधन का तर्क विवि एक्ट के तहत प्रबंधन समिति करती है निर्णय

सूचना के अधिकार के तहत आयुष विवि से आरटीआई एक्टिविस्टों द्वारा कार्य परिषद में वर्तमान में मनोनीत अथवा नियुक्त (शासकीय एव अशासकीय) सदस्यों के नाम उनके कार्यकाल की अवधि, योग्यता सहित विभिन्न जानकारी मांगी गई थी। जनसूचना अधिकारी द्वारा विवि में कोई कार्य परिषद नहीं होने की जानकारी दी गई, जिसे लेकर भ्रम की स्थिति बन गई है। बिना कार्यपरिषद विश्वविद्यालय में फैसले लिये जाने पर सवाल खड़ा किया जाने लगा है। हरिभूमि ने इस मामले में जब पतासाजी की, तो पता चला कि आयुष विश्वविद्यालय अपने अधिनियम के तहत विद्या परिषद, प्रबंधन समिति सहित अन्य परिषद बनाकर कामकाज का संचालन करता है। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों से संबंधित फैसले भी समिति के सदस्यों की सहमति से लिया जाता है।

**बेहद चिंताजनक कार्यप्रणाली**

बगैर कार्यपरिषद के आयुष विश्वविद्यालय कास संचालन बेहद चिंताजनक कार्यप्रणाली को दर्शाता है। विश्वविद्यालय अपने फैसले लेने किस व्यवस्था का प्रयोग करता है यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। कुलाधिपति को इस मामले तत्काल संज्ञान लेने का आग्रह किया जाएगा।

- डॉ. कुलदीप सोलंकी, संयोजक
छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी

**प्रबंधन समिति करती है काम**

विश्वविद्यालय एक्ट के तहत आयुष विवि में प्रबंधन समिति काम करती है। इसके अलावा विवि संचालन के लिए कई परिषद का गठन किया गया है।

- डॉ. प्रदीप कुमार पात्रा
कुलपति आयुष विवि

# निकायों के इंजीनियरों ने बरसों से नहीं दिया संपत्ति का हिसाब और सीआर का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य नगर पालिका (यांत्रिक सेवा के करीब डेढ़ दर्जन इंजीनियरों ने बरसों से अपनी अचल संपत्तियों का ब्योरा नहीं दिया। यही नहीं इन इंजीनियरों के गोपनीय प्रतिवेदन भी अप्राप्त है। इस मामले को लेकर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सूडा रायपुर और सभी संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय को आदेश जारी किया है कि वे तत्काल अचल संपत्ति का ब्योरा और गोपनीय प्रतिवेदन पर चेनल अनुसार त्रिस्तरीय मतांकन कर भेजें।



**प्रमोशन के लिए है जरूरी**

### इस सूची में शामिल हैं ये अधिकारी भी

नगरीय प्रशासन विभाग ने पांच अधिकारियों की एक और सूची जारी कि है। इस सूची में राज्य नगर पालिका( कार्यपालन, यांत्रिकी, स्वास्थ्य) के अधिकारियों का गोपनीय प्रतिवेदन और अचल संपत्ति का ब्योरा अप्राप्त बताया गया है। खास बात ये है कि गोपनीय प्रतिवेदन और अचल संपत्ति का ब्योरा अधिकारियों के प्रमोशन की प्रक्रिया के दौरान उपलब्ध होना जरूरी है।

### बरसों से नहीं दिया हिसाब

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने नगरपालिका सेवा (यांत्रिकी) के सहायक अभियंता पद से कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति के लिए अप्राप्त गोपनीय प्रतिवेदन एवं अचल संपत्ति का ब्योरा न देने वाले इंजीनियरों की सूची जारी की है। इस सूची को देखने से साफ होता है कि अप्राप्त गोपनीय प्रतिवेदन कई वर्षों से नहीं दिए गए हैं। इस सूची में 17 इंजीनियरों के नाम शामिल हैं। इन लोगों का 2018-19 से किसी ने 2019 से 2024-25 तक का गोपनीय प्रतिवेदन अप्राप्त है। इसी तरह वर्ष 2019 से लेकर 2020, 2021 से लेकर 2024 तक की स्थिति में अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया है।

## गर्भवती महिला की प्रसव के दौरान मौत का उठाया मामला

# गांव-गांव में झोलाछाप डाक्टर चला रहे क्लीनिक, विधायक सहित जिला पंचायत सदस्यों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में सोमवार को झोला छाप डाक्टरों द्वारा चलाए जा रहे क्लीनिक से संबंधित मुद्दे पर चर्चा हुई। इस दौरान विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित कई जिला पंचायत सदस्यों ने तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में भाजपा पार्षद की बेटी की मौत सहित अन्य मामले उठाते हुए कहा कि झोला छाप डाक्टरों की लापरवाही के कारण कई लोगों की जानें जा रही हैं, इसलिए उन पर लगाम लगाना बहुत जरूरी हो गया है। इसके लिए विभाग को पहल कर ऐसे झोला छाप डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। सामान्य सभा की बैठक में जिला स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ मिथिलेश चौधरी ने जिले में संचालित आयुष्मान कार्ड, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण सहित विभिन्न योजनाओं के अलावा मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपयोग एवं कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान विधायक खुशवंत साहेब ने तिल्दा-नेवरा में पार्षद की बेटी की निजी अस्पताल में संदिग्ध मौत पर की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी। इस पर अधिकारी ने बताया कि जांच हो गई है, अब आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने धरसींवा क्षेत्र में एक व्यक्ति की डायरिया से मौत का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि डाक्टरों ने दूसरे कारण से उसकी मौत होना बता दिए हैं, जबकि उसकी डायरिया से मौत हुई है। एक अन्य सदस्य ने एक गर्भवती महिला की निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान मौत का मामला उठाया। इन दोनों मामले में भी स्वास्थ्य अधिकारी ने जांच कराने की बात कही है।

### तिल्दा, खरोरा सहित कई क्षेत्रों में चल रहे झोला छाप डाक्टरों के क्लीनिक

जिला पंचायत के सदस्यों ने बैठक में बताया कि तिल्दा, खरोरा सहित कई क्षेत्रों में बड़ी संख्या में झोला छाप डाक्टरों के क्लीनिक चल रहे हैं। इन क्लीनिकों के डाक्टरों के पास किसी विशेष रोग के उपचार, ऑपरेशन, प्रसव संबंधित डिग्री नहीं होने के बाद भी क्लीनिक में लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस पर तत्काल अंकुश लगाना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### खाद की कमी से परेशान किसानों में भारी आक्रोश कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सभी किसान धान, थरहा, नर्सरी धान की बोनी शुरू कर दिए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में खाद की कमी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रायपुर जिले के समस्त ब्लॉक में खाद की कमी को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को तिल्दा में भी जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। साथ ही जिला अनुविभागीय अधिकारी तिल्दा को जल्द खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश के किसान खाद के लिए भटक रहे हैं, किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। इस समस्या के लिए सरकार जिम्मेदार है, जिस खाद का मार्च-अप्रैल में भंडारण हो जाना था, आज तक नहीं पहुंची है। इससे किसान चिंतित है और निजी दुकानों से अधिक दर पर खरीदने मजबूर हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कलेक्टर से तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा, पाठयपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, सिंधी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष राम गिडलानी, देवादास टंडन, बलदाऊ साहू, राहुल तेजवानी सहित भारी संख्या में किसान एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### माहेश्वरी महिला समिति ने दी 2 व्हीलचेयर



रायपुर। माहेश्वरी महिला समिति गोपाल मंदिर रायपुर संस्था ने सोमवार को मानव सेवा के कार्य के लिए कृष्ण मित्र फाउंडेशन को 2 नग व्हीलचेयर प्रदान की हैं। समिति के अध्यक्ष माधव लाल यादव ने बताया कि इस अवसर पर सचिव गोवर्धन झंवर, रतन जैन और संजय चंद्राकर उपस्थित रहे।

### पुष्पांजलि कार्यक्रम 19 को

रायपुर। नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से 19 जून को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमलनारायण शर्मा की पुण्यतिथि पर प्रातः 11 बजे शहीद स्मारक भवन परिसर स्थित मूर्ति स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित है। संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने बताया कि जोन 2 कमिश्नर को प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई, पुष्पमाला के साथ आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

### सफाई पर भेजें फोटो निगम देगा इनाम

रायपुर। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर रायपुर नगर निगम की ओर रील में स्वच्छता फील जिंगल रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही नेशनल कैमरा डे के मौके पर स्वच्छ एवं सुंदर रायपुर थीम पर स्वच्छता स्नैपशॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी है। रील प्रतियोगिता में नागरिक शहर की स्वच्छता और सुंदरता से जुड़े जिंगल रील का वीडियो गूगल फार्म लिंक पर 23 जून तक भेज सकते हैं। श्रेष्ठ वीडियो को स्वच्छ भारत मिशन के सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जायेगा। साथ ही विजेताओं को निगम द्वारा ई - सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।

## निधन

### द्रौपदी ठाकुर



रायपुर। बजरंग चौक टिकरापारा निवासी द्रौपदी ठाकुर (82) का 15 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 जून को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे गुलाब सिंह और हेमेंद्र ठाकुर की माता एवं राजकुमार, पूजा, सृष्टि, जय की दादी थीं।

### रामकुमारी शर्मा



रायपुर। गुढ़ियारी निवासी रामकुमारी शर्मा का 16 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 जून को सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. दुष्यंत लाल शर्मा की पत्नी, विजय कुमार पांडेय एवं आरती पांडेय की माता थीं।

# डीके अस्पताल को मिला दूसरा ऑक्सीजन प्लांट, खरीदी का कम होगा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कम उत्पादन क्षमता वाले प्लांट की वजह से ऑक्सीजन सिलेंडर खरीद रहे डीकेएस अस्पताल प्रबंधन पर दबाव कम होगा। वहां दूसरा प्लांट लगाने का काम पूरा किया जा रहा है। जरूरतों को देखते हुए कोरोनाकाल में आयुष विवि परिसर में लगाए गए प्लांट को यहां शिफ्ट किया जा रहा है। अस्पताल में उसी दौरान पीएम केयर फंड से प्लांट स्थापित किया गया था, जो तकनीकी कारणों से अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

डीके अस्पताल के पास अपना एक प्लांट है, जो अपनी क्षमता से कम ऑक्सीजन उत्पादन करता है। जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रबंधन बाहर से ऑक्सीजन सिलेंडर की खरीदी करती है। आने वाले दिनों में इस बाहरी खर्च से अस्पताल प्रबंधन को राहत मिलने की संभावना है, क्योंकि वहां दूसरा प्लांट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। यह ऑक्सीजन प्लांट कोरोना की दूसरी लहर के दौरान आयुष विवि में बनाए गए कोविड आईसोलेशन सेंटर में स्थापित किया गया था। महामारी समाप्त होने के बाद यह प्लांट अनुपयोगी हो गया था। इसे और डीके अस्पताल की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस प्लांट को डीके अस्पताल में शिफ्ट करने का फैसला लिया था। इसकी स्थापना के लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। माना जा रहा है कि इस माह के अंत तक प्लांट को स्थापित कर उसे क्रियाशील कर दिया जाएगा। इस प्लांट की क्षमता लगभग 11 एलपी की है, जो काफी मात्रा में ऑक्सीजन तैयार कर सकेगा।

## कोरोनाकाल में आयुष विवि परिसर में लगाया गया था

### पीएम केयर प्लांट पर अनुमति का पेंच

अस्पताल के पिछले हिस्से में पीएम केयर से मिले लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई है। यह प्लांट काफी समय से लगा पड़ा है जिसे शुरू करने के लिए सीजीएमएससी द्वारा कुछ अनुमति की प्रक्रिया पूरी की जानी है। इस प्लांट को स्थापित करने और वहां से अस्पताल तक पाइप लाइन बिछाने का काम अस्पताल प्रबंधन के द्वारा पूरा किया गया है।



### पुराना प्लांट नहीं सुधरा कंपनी को मिल चुकी राहत

अस्पताल के पुराने प्लांट के मरम्मत का काम पूरा नहीं होने की वजह से यह कम क्षमता में ऑक्सीजन प्लांट बना पाता है। इस मामले में सीजीएमएससी द्वारा अनुबंधित संस्था को ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। संस्था को न्यायालय की मदद से इस कार्रवाई से राहत मिल चुकी है। ऑक्सीजन प्लांट का मसला मगर अभी तक नहीं सुलझा है।

## जल विभाग ने 45 वॉल्व खरीदने 1.50 करोड़ का भेजा है प्रस्ताव

# 40 पानी टंकियों में डबल वॉल्व नहीं, खराबी आने पर टंकी खाली कराने की आती है नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की 15 लाख आबादी तक शुद्ध पीने का पानी पहुंचाने वाली निगम की 45 नई व पुरानी पानी टंकियों में से मात्र 5 पानी टंकियों में डबल वाल्व है, जबकि 40 टंकियां ऐसी हैं, जो सिंगल वाल्व के भरोसे हैं। इसकी वजह से वाल्व में कभी भी खराबी आने से पानी टंकी को खाली करने हर बार सैकड़ों गैलन पीने का साफ पानी घंटों फिजूल में सड़कों पर बहाना पड़ता है। एक तरह से बहुमूल्य पानी की बरबादी तो होती है, दूसरी तरफ प्रभावित इलाके के भुक्तभोगियों को पानी के लिए तरसना पड़ जाता है। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, कम के कम 45 वाल्व की जरूरत है, जिसे क्रय करने 1.50 करोड़ की राशि चाहिए।

- सैकड़ों गैलन पानी होता है बरबाद, 6 माह से शासन स्तर पर मंजूरी लंबित



### 45 वॉल्व की जरूरत, प्रस्ताव भेजा

*निगम की गिनी चुनी पानी टंकियों में डबल वाल्व लगा है, ज्यादातर पानी टंकियां ऐसी हैं, जिनमें सिंगल वाल्व है। जल आपूर्ति के समय पानी का प्रेशर बढ़ने पर वाल्व में कभी भी खराबी आ सकती है, इसे ध्यान में रखते हुए 45 वाल्व की जरूरत है। हमने 1.50 करोड़ की राशि का प्रस्ताव बनाकर 6 माह पहले शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। शासन से स्वीकृति लंबित है।*

*- **नरसिंग फरेन्द्र**, कार्यपालन अभियंता जल, नगर निगम रायपुर*

### फैक्ट

- पेयजल आपूर्ति के लिए नगर निगम की कुल पानी टंकी की संख्या : 45
- डबल वाल्व वाली पानी टंकी की संख्या : 5
- सिंगल वाल्व वाली पानी टंकी की संख्या : 40
- सिंगल वाल्व को डबल वाल्व वाले करने पर कुल खर्च 1.50 करोड़ अनुमानित
- ज्यादातर पानी टंकियों में 500 से 600 एमएम का एक वाल्व
- सिंगल वाल्व होने से खराबी आने पर टंकी खाली कराने में लगता है समय, फिजूल में बहाना पड़ता है सैकड़ों गैलन पानी

पानी का मोल पहचाने का स्लोगल देने वाला निगम प्रशासन शहरवासियों के हिस्से का शुद्ध पानी फिजूल में बहाने से बाज नहीं आता। हाल ही में डीडीनगर पानी टंकी के आउटलेट का वाल्व स्लिप होने से दर्जनभर इलाकों में लोग पानी के लिए तरस गये। वहीं जल विभाग ने 30 हजार लीटर पीने का शुद्ध पानी टंकी खाली करने के नाम पर फिजूल में सड़क और नालियों में बहा दिया। यह स्थिति पहली बार निर्मित नहीं हुई है, बल्कि वाल्व में खराबी आने पर आए दिन अलग-अलग पानी टंकियों में कमोबेश यही स्थिति बनती है। इसका तोड़ निगम प्रशासन अब तक नहीं निकाल पाया है।

जानकारों का कहना है कि यदि शहर की सभी 45 पानी टंकियों में डबल वाल्व की व्यवस्था कर दी जाये, तो इससे कभी भी वाल्व में खराबी आने पर एक वाल्व को आपरेट कर प्रभावित इलाकों में जल आपूर्ति की जा सकती है। वहीं पानी टंकी खाली कराने की नौबत नहीं आएगी और स्टोरेज किया गया शुद्ध पानी आपात स्थिति में लोगों के काम आयेगा।

# शादी करने ऑनलाइन कांटेक्ट नौकरी लगाने का झांसा देकर साढ़े पांच लाख रुपए की ठगी

- आरोपी युवक को पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर जगदलपुर से किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसईसीएल में क्लर्क होने का झांसा देकर युवती से ऑनलाइन संपर्क कर शादी करने का झांसा दिया और युवती को नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख की ठगी की। आरोपी को आजाद चौक थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ठगी के आरोपी युवक का पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर जगदलपुर से गिरफ्तार किया है।

युवती की शिकायत पर पुलिस ने ठगी के आरोप में मुकेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। युवती ने मुकेश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी कि पिछले वर्ष सितंबर 2024 में मुकेश से उसके पहचान ऑनलाइन हुई थी। मुकेश ने अपने आपको एसईसीएल में बाबू होना बताते हुए युवती के सामने शादी करने का प्रस्ताव रखा। मुकेश के झांसे में आकर युवती शादी करने राजी हो गई। इसके बाद मुकेश लगातार युवती के संपर्क में बना रहा। बातचीत के दौरान मुकेश ने युवती को एसईसीएल के अफसरों के साथ पहचान होने का झांसा दिया। अफसरों को पैसे देने की बात कह मुकेश ने युवती से पांच लाख 38 हजार रुपए ले लिया। इसके बाद मुकेश ने युवती के साथ बातचीत बंद कर दी और अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया, तब युवती को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

## पेज 9 के शेष ...

### कम अंक वालों के...

655 अंक लाने वाले को ही रायपुर के शासकीय कालेज की सीट मिल पाई थी। इस बार राज्य में टॉपर आने वाले छात्र का अंक 618 तक पहुंचा है। पिछली बार यूआर के साथ आरक्षित वर्ग को भी सरकारी मेडिकल कालेज के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ी थी, जिन्हें भी इस बार तनाव कम रहने की संभावना है। पिछले साल नीट के पेपर सरल थे, जिसकी वजह से प्राप्तांक बढ़े थे, मगर इस पेपर कठिन होने की कट ऑफ कम होने की संभावना बन रही है।

### चिकित्सा शिक्षा आयुक्त...

एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद एसीबी ने चवाराम के पास पैसे भेजे। चिकित्सा शिक्षा विभाग के बाबू ने जैसे ही तुकाराम से पैसे लिए, एसीबी ने उसे रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। बाबू के खिलाफ एसीबी ने धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (सशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है।

### कचरे का पहाड़ आधे...

28 एकड़ में फैले कूड़ा को निकालने का 70 फीसदी काम पूरा कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक बारिश के सीजन को देखते हुए एजेंसी ने एक ऐसी नई मशीन उतारी है, जो बारिश के समय भी बिना दिक्कत के कार्य कर सकती है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जुलाई में सघन वृक्षारोपण कर स्पॉट को रायपुर सिटी फारेस्ट का रूप दिया जायेगा। हाल ही में सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड का वन विभाग के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया था, ताकि समय रहते पौधारोपण का कार्य किया जा सके।

### आधी रात जोरदार...

आया और दुर्ग में 6, गीदम में 5, कवर्धा, गुंडरदेही में 4-4 सेमी. तक बारिश हुई। इसके अलावा राज्य के दर्जनभर से अधिक इलाकों में 3 से 1 सेमी. तक बारिश दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश का दौर अभी हल्के से मध्यम रूप से जारी रहेगा। इसमें अभी पश्चिमी विक्षोभ का रोड़ा है, जो दो दिन बाद समाप्त होगा, जिससे व्यापक बारिश का दौर बढ़ेगा। **अभी मानसून की स्थिति :** दक्षिण पश्चिम मानसून संपूर्ण कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात के कुछ भाग, दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ के कुछ और भाग, छत्तीसगढ़ के कुछ और भाग, उड़ीसा और उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम के कुछ और भाग में पहुंच गया है। इसकी उत्तरी सीमा वेरावल, भावनगर, बड़ोदरा, खरगोन, अमरावती, दुर्ग, बरगढ़, चांद वाली, संधेड़ आयरलैंड, बालूरघाट है। अभी एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास विस्तारित है। एक द्रोणिका पूर्वी मध्य प्रदेश से बांग्लादेश तक छत्तीसगढ़, झारखंड और गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक मौजूद है।

### फाइनेंस कंपनी की...

मैनेजर बंटी सहारे तथा जितेंद्र देवांगन उर्फ मोनू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी तोमर भाइयों के लेन-देन का लेखा-जोखा अपने पास रखते थे। साथ ही जिन लोगों से हर महीने सूद की रकम वसूली करनी होती थी, उसकी जानकारी गुर्गों तक पहुंचाते थे। तोमर भाइयों के फरार होने के बाद दोनों आरोपी भी फरार हो गए थे। इसी दौरान पुलिस को तोमर भाइयों द्वारा संचालित अवैध फाइनेंस कंपनी के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के बारे में जानकारी जुटाकर बंटी तथा जितेंद्र की पतासाजी कर उन्हें गिरफ्तार किया।

### गुढ़ियारी साइड टिकट...

से इस नई लोकेशन से आरक्षित और अनारक्षित टिकट की सुविधा मिलेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे किसी असुविधा से बचने के लिए नई व्यवस्था की जानकारी रखें और सहयोग प्रदान करें। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव स्टेशन के सुंदरीकरण और आधुनिकीकरण की दिशा में एक आवश्यक कदम है।

### छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ कल्याण समिति की बैठक



रायपुर। रायपुरा स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को छत्तीसगढ़ मछुआ महसंघ के वार्षिक सम्मेलन को लेकर पदाधिकारियों की बैठक हुई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से 22 जून को राम-जानकी मंदिर निषाद समाज सामुदायिक भवन रायपुरा में सुबह 11.30 बजे से कई कार्यक्रम आयोजित कराने का निर्णय लिया, जिसमें वर्ष 2020 में 90% से अधिक अंक कक्षा 10वीं व 12वीं में प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का मंच पर मोमेंटो देकर पूरे छत्तीसगढ़ के महुआरा समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के मछुआरा समाज के अन्यत्र जो विशेष उपलब्धि प्राप्त किए हैं, ऐसे लोग कभी सदस्यों और शहरी क्षेत्र के नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के पार्षद भी सम्मान किया जाएगा। विशेष रूप से सरकार के निगम, मण्डल, आयोग, बोर्ड के सदस्यों का भी सम्मान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक को महासचिव मोतीलाल हिरवानी ने भी संबोधित किया। बैठक में नेहरू राम निषाद, भरत लाल मटियारा, एमआर निषाद, सुंदर सिंह निषाद आदि शामिल थे।

# 2 दुकानों को किया सील, नाले पर कब्जा करने वाले पर 12 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की टीम ने सोमवार को जयस्तंभ चौक के पास 2 दुकानों को सील कर दिया है, जबकि 5 दुकानों के सामने बनाये गये अवैध पाटों को तोड़ा गया। संबंधित दुकानदारों पर 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इस दौरान राज टाकीज के पास अमृतसरी बिरयानी सेंटर में गंदगी मिली। साथ ही दुकान संचालक द्वारा नानवेज और गंदगी को सीधे नाले में जोड़कर बहाने की शिकायत सही पायी। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के नेतृत्व मे जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव और मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने सोमवार को शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राज टाकीज के पास अमृतसरी बिरयानी सेंटर में गंदगी मिली। साथ ही दुकान संचालक द्वारा नानवेज और गंदगी को सीधे नाली में जोड़कर बहाया जा रहा था। सफाई में लापरवाही बरतने के कारण दुकान को सीलबंद करने की कार्रवाई की गयी। वहीं एक कपड़ा दुकान को दुकान के सामने अवैध पाटा बनाकर सफाई बाधित करते पाये जाने पर सीलबंद कर दिया गया, जबकि दुकानों के सामने नाले पर कब्जा जमाकर बनाये 5 अवैध पाटों को तत्काल जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर सफाई करवाई गयी। संबंधित दुकान संचालकों पर 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।



### रावतपुरा फेस -2 में प्लीन्थ लेवल तक बने 6 मकानों का प्लीन्थ हटाया



जोन 6 नगर निवेश विभाग और निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता टीम ने सोमवार को संयुक्त रूप से रावतपुरा फेज 2 में अभियान चलाया। इस दौरान प्लीन्थ लेवल तक बने आधा दर्जन मकानों की नींव और लेबर क्वार्टर को हटाये जाने की कार्रवाई की। साथ ही भवन निर्माण सामग्री को जब्त कर लिया गया है। रावतपुरा फेज 2 से लगे क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग में अवैध रोड को काटकर मलबा जब्त कर स्थल पर तत्काल अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर की टीम ने कार्रवाई की। संबंधित क्षेत्र में सभी निर्माण कार्यों का सर्वे कार्य आयुक्त के निर्देश पर स्थल पर करवाया जा रहा है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

दिनांक 13.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चिन्ता राम पिता रंगुराम निवासी रावाभाठा की ग्राम निमोरा प.ह.नं. 25 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 122/1 रकबा 0.6240 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/ वाचक/ ना.तह/ 2025 आदेश दिनांक 02.06.2025 के परिपालन में दिनांक 19.06.2025 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 25 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर -19, धनेली

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास गातापार अभनपुर रायपुर भवन- 116 को श्री रमेश कुमार साहू पिता श्री सालिक राम साहू, के आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पूर्ण राशि जमा कर रजिस्ट्री एवं आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है।

श्री रमेश कुमार साहू पिता श्री सालिक राम साहू, की मृत्यु दिनांक 31.01.2025 को हो गया है। पत्नि श्रीमति सरस्वती साहू पति स्व. श्री रमेश कुमार साहू, पता- रानीदुर्गावती वार्ड, पुरैना, तेलीबांधा रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) ने अपने पति की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन को श्रीमति सरस्वती साहू पति स्व. श्री रमेश कुमार साहू के नाम पर नामांतरण करने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता के. रवि शंकर पिता-श्री के. सूर्या नारायण निवासी शांति विहार कॉलोनी, डंगनिया, रायपुर छ.ग. से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका ख. नं 212/54 रकबा 0.0112 हेक्टेयर याने 1200 वर्गफुट, ग्राम खमतराई, पटवारी हल्का नं 38, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार से कर बयाना अदा कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन कार्यवाही शेष है।

यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक, वित्तीय संस्थान, बोर्ड, निकाय, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करावें तथा म्याद पश्चात उपरोक्त भूमि के बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा संपन्न करा ली जावेगी म्याद पश्चात की गई आपत्ति मान्य ना होकर विधिक रूप से शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 16.06.2025

**संजय शर्मा अधिवक्ता**
**गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढियारी, रायपुर छ.ग.**
**मो नं- 9827154202**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### चैंबर अध्यक्ष ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने प्रदेश में व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए अपनी कार्यकारिणी का सोमवार को विस्तार किया है। इसमें कार्यकारी महामंत्री कपिल दोषी, विकास आहूजा और अमर सुलतानिया, दिलीप इसरानी को उपाध्यक्ष एवं चैंबर कार्यालय प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सांस्कृतिक प्रभारी के पद पर अनिल जोतसिंघानी का मनोनयन किया गया है।

### महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की नई कार्यकारिणी घोषित



**रायपुर।** महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ के अध्यक्ष संजय जादवानी ने रविवार को सत्र 2025-28 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की एवं पदाधिकारियों का आपस में एक-दूसरे से परिचय भी कराया। उन्होंने बताया कि नई कार्यकारिणी में महामंत्री जैन विकास सिपानी, कोषाध्यक्ष परेश पारेख, सह कोषाध्यक्ष अमरीक बागल, सह मंत्री नरेंद्र सलूजा, संगठन मंत्री महेश प्रसाद राय, सह संगठन मंत्री निर्मल बैंगानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम पोद्दार, विजय रमानी, अशोक मलानी को बनाया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष राम घुरीया एवं विक्रम सिंह देव, सुरिंदर सिंह, महेंद्र तलरेजा, संरक्षक अशोक छाबड़ा एवं कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर वाधवानी को चुना गया।

### दो मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**रायपुर।** आपदा और दुर्घटनाओं के मामलों में मृतकों के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता राशि देने जिला प्रशासन तेजी से कार्यवाही कर रही है। इसके तहत पानी में डूबने से हुई मौत पर दो मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मृतकों में ताराचंद टंडन निवासी मंदिर हसौद तथा शिवकुमार निवासी आरंग शामिल है। इन दोनों के परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### ऑटो सेंटर में काम करते दो बच्चे रेस्क्यू

**रायपुर।** जिला प्रशासन विशेष बाल एवं किशोर श्रम रोकथाम एवं पुनर्वास अभियान चला रहा है। इसके तहत सोमवार को श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन सहित पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अमलीडीह क्षेत्र में एक ऑटो सेंटर में काम कर रहे 13 साल के बालक और एक 15 साल के किशोर को रेस्क्यू किया। इन दोनों मामलों में दुकान संचालक के विरुद्ध किशोर न्याय (बालकों का देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 भारतीय न्याय संहिता एवं बालक एवं कुमार श्रम अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत न्यू राजेंद्र नगर थाना में अपराध दर्ज किया गया है।

# ठकुराइन टोला घाट पर लक्ष्मण झूला तैयार, सावन में होगा उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

राजधानी रायपुर से करीब 25 किलोमीटर दूर पाटन क्षेत्र के ठकुराइन टोला घाट स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में भक्तगण अब बारिश के दिनों में भी दर्शन करने जा पाएंगे। मंदिर खारुन नदी के बीच में बना हुआ है। बारिश के दिनों में पानी भर जाने के कारण भक्तगण मंदिर जा नहीं पाते, लेकिन अब इस नदी पर भी लक्ष्मण झूला तैयार हो गया है, जिसका उद्घाटन भी आने वाले सावन के महीने में किए जाने की तैयारी की जा रही है। लक्ष्मण झूले के शुरू होने से भक्तगणों को नदी में उतरना नहीं पड़ेगा, क्योंकि नदी के दोनों तट से लोग झूले के माध्यम से सीधे मंदिर के ऊपर के मुख्य दरवाजा तक पहुंच जाएंगे।

### राजिम और महादेव घाट झूले की तर्ज पर बना

*रायपुर के महादेव घाट और राजिम त्रिवेणी संगम स्थित लक्ष्मण झूला की तर्ज पर ठकुराइन टोला घाट पर भी लक्ष्मण झूला बनाया गया है। करीब 230 मीटर लंबे इस झूले के निर्माण में करीब 31 करोड़ रुपए की लागत लगी है। इस झूले को तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृत किया गया था। तीन टॉवर से खड़ा किया गया यह झूला काफी आकर्षक है। सफेद और गुलाबी रंग से पेंट किया गया झूला लोगों को आकर्षित कर रहा है। खारुन नदी और सोनपुर नाला के संगम पर स्थित करीब 40 साल पुराना शिव मंदिर सामाजिक समरसता का भी संगम है, इसलिए यह पहले से काफी प्रसिद्ध है। इस मंदिर में हर साल सावन में हजारों की संख्या में भक्तगण पूजा-पाठ व दर्शन करने पहुंचते हैं, लेकिन इस झूले के बनने के बाद यह स्थल धार्मिक अनुष्ठान के साथ बेहतर पिकनिक स्पाट के लिए भी चर्चित होने लगा है।*



*छुट्टियों के दिन दिनभर रहती है भक्तों व सैलानियों की भीड़ : लक्ष्मण झूला बनने के बाद टोलाघाट शिव मंदिर अब धार्मिक एवं पिकनिक स्पॉट के रूप में भी फेमस हो गया है। वैसे तो हर दिन मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन खासकर रविवार और छुट्टियों के दिन अब यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं सैलानियों की भीड़ होने लगी है। बताया जा रहा है कि सावन के महीने में इस झूले का उद्घाटन करने की तैयारी की जा रही है, तब तक झूले को आम लोगों के लिए बंद रखा गया है।*

### टोलाघाट में प्रवासी पक्षियों का भी लगता है जमावड़ा

खारुन नदी और सोनपुर नाला के संगम पर निर्मित शिव मंदिर लोगों को बरबस राजिम में महानदी-पैरी और सोंढूर नदी के संगम पर दृढ़ता से खड़े कुलेश्वर मंदिर की याद दिलाता है। श्रद्धालु इसे दूसरा राजिम भी मानने लगे हैं। बारिश के दिनों में जब बाढ़ का पानी मंदिर के चबूतरे को डुबोने लगता है। तब ऐसा प्रतीक होता है जैसे कोई रथ पानी के ऊपर चल रहा है। लोग इस दृश्य को देख सम्मोहित रह जाते हैं। यहां प्रति वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर मेला आयोजित किया जाता है। मेला व्यवस्था शिव मंदिर समिति करती है। टोलाघाट में प्रति वर्ष सैकड़ों प्रवासी पक्षी भी आते हैं। इन मेहमानों की सुरक्षा ग्रामीण स्वयं करते हैं।

## पीएचई अफसर ने कहा- स्वीकृत 477 ग्रामों में से 104 गांव में शत प्रतिशत घरों में मिल रहा पानी

# जल जीवन मिशन के आंकड़ों पर घिरे अफसर जिला पंचायत सदस्यों ने कहा- गलत रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित सदस्यों ने कहा- एक भी ऐसा गांव नहीं जहां शत प्रतिशत घरों में मिल रहा हो पानी
- जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में जल जीवन मिशन योजना का मुद्दा गरमाया

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में सोमवार को घर-घर पानी पहुंचाने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत रायपुर जिले में किए गए कार्यों के आंकड़ों के मुद्दे पर जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने गहरी नाराजगी जताई।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी ने जिले के 104 ग्रामों में शत प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पानी सप्लाई जारी होने की जानकारी दी। इस आंकड़े को सभी सदस्यों ने गलत बताते हुए कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में एक भी ऐसा गांव नहीं है, जहां शति-प्रतिशत घरों में पानी की सप्लाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग पाइप लाइन बिछाने और पानी टंकियों का निर्माण करने का ही कार्य कर पाया है, जिसके कारण भीषण गर्मी के दिनों सहित सामान्य दिनों में भी कई परिवार पानी के लिए तरस रहे हैं।

### एक घंटे देर से शुरू हुई बैठक

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे रखी गई थी, लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के कक्ष में इस बैठक से पहले सभी सदस्यों की बैठक रखी गई थी। यह बैठक करीब एक घंटे तक चली, जिसके कारण सामान्य सभा की बैठक दोपहर 1 बजे शुरू हुई। बैठक में सबसे पहले स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं पर चर्चा की गई। इसके बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की योजनाओं को लेकर चर्चा की गई, जिसमें संबंधित विभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल बच्चन ने बैठक में जल जीवन मिशन योजना के तहत स्वीकृत, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी दी।



*ठेकेदारों को बचाने का आरोप : चारों ब्लॉक में ऐसे अनेकों गांव हैं, जहां ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर भाग गए हैं। प्रत्येक गांव में घर-घर पानी की सप्लाई शुरू करने की अधिकतम समय-सीमा 9 माह थी, लेकिन कई ठेकेदारों को अधूरा काम छोड़े डेढ़ से दो साल हो चुके हैं। इसके बाद भी इन ठेकेदारों को नोटिस देने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सदस्यों के अलावा विधायक अनुज शर्मा एवं गुरु खुशवंत साहेब ने भी नाराजगी जताई। अनुज शर्मा ने कहा कि ठेकेदारों के खिलाफ आखिर क्यों कार्रवाई नहीं की जा रही है। विधायक सहित सभी सदस्यों ने कहा कि ऐसे ठेकेदारों को तत्काल ब्लैक लिस्टेड किया जाए। इस पर अधिकारी ने कहा कि प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे।*

### बोर खनन करने में भी विभाग रहा नाकाम

बैठक बोर खनन के मुद्दे पर भी सदस्यों ने पीएचई अधिकारी को घेरा। अधिकारी ने बैठक में बताया कि गत वर्ष जिले में 120 बोर खनन का टारगेट विभाग से मिला था। इसके एवज में करीब 20 प्रतिशत जगहों पर ही बोर खनन किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सुशासन तिहार शिविरों में कुल 319 स्थानों पर बोर खनन के लिए आवेदन आए थे। उन्होंने एक सदस्य के प्रश्न पर स्वीकार किया कि इनमें से एक भी बोर नहीं किया जा सका है। चारों ब्लॉक के सदस्यों ने बैठक में बताया कि उनके कई गांव में बोर बंद होने से पानी के लिए अनेकों परिवार तरस रहे हैं, इसलिए बोर खनन का काम जल्द से जल्द कराया जाए।

### 294 ग्रामों में कार्य पूर्ण पर आपूर्ति शुरू नहीं

पीएचई अधिकारी ने बैठक में रिपोर्ट पेश कर बताया कि जिले में कुल 477 ग्रामों में योजना के तहत घर-घर नल कनेक्शन से पानी पहुंचाना है। इसके तहत 104 ग्रामों में शत प्रतिशत घरों में पानी सप्लाई जारी है, वहीं 294 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन पानी सप्लाई शत प्रतिशत शुरू नहीं हो पाई है एवं 81 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है तथा 9 ग्राम में कार्य प्रारंभ नहीं हो पाए हैं। अधिकारी के इस आंकड़े पर सदस्य सविता चंद्राकर, स्वाति वर्मा, यशोदा धनेंद्र साहू, अन्नू तारक सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि अधिकारी ने गलत जानकारी प्रस्तुत की है। जिले के चारों ब्लॉक में एक ऐसा गांव नहीं है, जहां के शतप्रतिशत घरों में पानी मिल रहा है। कहीं पानी नहीं आ रहा है, तो कहीं बहुत कम आ रहा है, अनेकों गांव में कार्य ही अधूरा छोड़ ठेकेदार फरार हो चुके हैं। यहां तक कि निर्माण हो चुकी पानी टंकियों तक की सफाई नहीं की जा रही है।

# प्रदेश स्तरीय गुरु बालक दास वेशभूषा स्पर्धा में बेटियां रहीं आगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राजनांदगांव की हर्षिता प्रथम, डोमा रायपुर की तनीषा द्वितीय
- समाज प्रमुखों ने दिया आशीर्वाद

सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ की ओर से वीर बलिदानी गुरु बालकदास वेशभूषा स्पर्धा का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमें समाज की बेटियों ने उत्साह से भाग लिया। 16 निर्णायक द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर विजेताओं के नाम की घोषणा की गयी। इसमें बेटियों ने बाजी मारी।

प्रथम स्थान राजनांदगांव की हर्षिता भारती को मिला। उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपये और डोमा रायपुर की तनीषा जांगड़े को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 15 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार के विजेता रहे पिरदा धरसींवा के आलोक बांधे, इन्हें 15 हजार रुपये का पुरस्कार मिला। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया कि युवा प्रकोष्ठ टीम द्वारा आयोजित वीर बलिदानी राजा गुरु बालक दास वेशभूषा स्पर्धा में शामिल होने बच्चों को तैयार कर बाबा बालक दास के रूप आए बड़ी संख्या में समाज प्रमुखों ने अपना आशीर्वाद दिया। साथ ही इस भव्य आयोजन की सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हृदय प्रकाश अनंत, यशवंत सतनामी, जितेन्द्र बंजारे, उत्तसेन गहिवारे, सुंदर लहरे ,विनोद भारती, शंकर सोनवानी, रघुनाथ भारद्वाज, मनोज बंजारे, दिलीप कुर्रे, राकेश बघेल, वीरेंद्र मतावले, हरीश जांगड़े, हेमलाल भारती, धरम पाटिल,राजा बंजारे, रमेश जांगड़े,मोना खांडे, चन्दन बांधे सहित अन्य राज्यों से पहुंचे समाज प्रमुख एवं युवा टीम शामिल रही।

# बारिश में दुर्घटनाओं से बचने पहाड़ों से हटाए ढीले बोल्डर


- पानी को पटरियों से दूर रखने किया डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मानसून के लिए रेलवे की तैयारियां पूरी, जलभराव और बोल्डर स्खलन वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल ने मानसून में होने वाले दुर्घटनाओं से बचने सुरक्षित ट्रेनों के परिचालन के लिए अपनी तैयारियों तेज कर दी हैं। मंडल रेल प्रशासन ने प्री-मानसून में सभी ज़रूरी कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

कटनी और डोंगरगढ़ के बीच घने जंगल और पहाड़ हैं। अंबिकापुर रूट में पहाड़ अधिक हैं। मानसून में संभावित बाधाओं को ध्यान में रखते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों, बोल्डर स्खलन की आशंका वाले पहाड़ी इलाकों, पुलों, नालियों और ड्रेनेज सिस्टम का गहन निरीक्षण किया गया है। पानी की निकासी के लिए जहां ज़रूरत पड़ी, वहां पाइप लगाए गए हैं और पहाड़ों से आने वाले पानी को पटरियों से दूर रखने के लिए ड्रेन को डायवर्ट किया गया है।



### हटाए गए चट्टान के टुकड़े

बोल्डर गिरने वाले क्षेत्रों का सर्वे कर सभी ढीले बोल्डर हटा दिए गए हैं। ट्रैक के किनारे बने नालों की सफाई कर अवरोधों को हटाया गया है। संवेदनशील स्थलों पर मोबाइल और स्थायी गश्ती दल तैनात किए जा रहे हैं। जानकारी मुताबिक तूफान या तेज़ बारिश के दौरान ट्रैक पर गिरने वाले पेड़ों को हटाने, छांटने और काटने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में विशेष नालियों की व्यवस्था की गई है, और इन इलाकों में कार्यरत कर्मचारियों को विशेष सावधानियों के बारे में मार्गदर्शन भी दिया गया है।

### उपकरणों की गहन जांच भी

मंडल के सभी विभागों ने मानसून पूर्व सावधानी अभियान चलाया है। इसमें समपार फाटक, रेलवे पुल, रेल पथ, सिग्नल प्रणाली, ओएचई लाइन और अन्य संरक्षा-सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच कर आवश्यक अनुरक्षण कार्य किए गए हैं।आपात स्थिति से निपटने के लिए मानसून रिज़र्व सामग्री जैसे रेती, गिट्टी और पत्थरों से भरे मालगाड़ी डिब्बे रणनीतिक स्थानों पर रखे गए हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इन तैयारियों के चलते बारिश के दौरान भी ट्रेनों का संचालन बिना किसी व्यवधान के सुचारु रूप से जारी रहेगा।

# सोने के बढ़ते दाम से प्रदेश में भी रोज 25 करोड़ का निवेश

- चांदी के दाम 108900 रुपए किलो
- रोज पांच करोड़ से ज्यादा का निवेश हो रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की लगातार बढ़ती कीमत के कारण निवेशक इसकी तरफ ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ईरान और इजराइल के युद्ध के कारण सोने की कीमत प्रभावित हो रही है। दाम कम ज्यादा हो रहे हैं। शनिवार को जब बाजार बंद हुआ था, तो सोने की कीमत राजधानी रायपुर में जीएसटी के साथ एक लाख 29 सौ रुपए थी। सोमवार को बाजार खुलने पर दाम 11 सौ रुपए कम हो गए और कीमत एक लाख 18 सौ रुपए हो गई। अपने प्रदेश में वैसे तो रोज सोने पर करीब 20 करोड़ का निवेश होता है, लेकिन लगातार बढ़ती कीमत के कारण रोज करीब 25 करोड़ निवेश हो रहा है। चांदी की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। इसमें भी रोज पांच करोड़ से ज्यादा का निवेश हो रहा है। चांदी की कीमत इस समय 108900 रुपए किलो है।

सोने की कीमत में इस साल लगातार इजाफा हो रहा है। पहली बार 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थी। इसके बाद मई में सोने की कीमत कम हो गई। दो जून में कीमत फिर से एक लाख के पार हो गई। इसके बाद फिर से कीमत कम हुई और अब फिर से कीमत एक लाख के पार होकर रिकॉर्ड कीमत हो गई है। शनिवार को कीमत का नया रिकॉर्ड बना और अब सोमवार को दाम में कमी आई है।





### सोने और चांदी में ज्यादा निवेश

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के भाव लगातार बढ़ रहे हैं रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, इजरायल और ईरान में युद्ध चल रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और तनाव बढ़ाने की आशंका है और जब भी अंतरराष्ट्रीय तनाव बढ़ता है तो स्टॉकिस्ट एवं निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोने और चांदी को पहली प्राथमिकता देते हैं। यही कारण है की स्टॉकिस्ट और निवेशकों ने सोने चांदी में निवेश करना शुरू कर दिया है जिससे सोने चांदी के दाम बढ़ते जा रहे हैं।

### नए साल में 23400 बढ़े दाम

नए साल में अब तक सोने के दाम 23400 रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर मार्च में कीमत में तेजी आती चली गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अप्रैल में पहली बार कीमत एक लाख तक पहुंची। मई में कीमत कम हो गई। लेकिन अब फिर से कीमत बढ़ते हुए जून के तीसरे सप्ताह में एक लाख 18 सौ रुपए हो गई है।

**बिजनेस साइट**

# कलिंगा यूनिवर्सिटी में दो नए एक्सीलेंस सेंटर का हुआ शुभारंभ

- विद्यार्थियों और ग्रामीण युवाओं को मिलेगा स्किल डेवलपमेंट का अवसर

**रायपुर।** कलिंगा यूनिवर्सिटी में सोमवार को दो नए एक्सीलेंस सेंटर गोदावरी ईबीएलयू और जस्ट ऑटो सॉल्यूशन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमिशन के चेयरमैन विजय कुमार गोयल रहे।

इस अवसर पर नवीन चंद्र शर्मा, मेघा ओझा, लोकेश, सिद्धार्थ अग्रवाल और विनोद पिल्लई भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यूनिवर्सिटी की ओर से वाइस चांसलर आर. श्रीधर, डॉ. संदीप गांधी सहित कई गणमान्यजन भी मौजूद थे। ये दोनों केंद्र यूनिवर्सिटी में पहले से मौजूद पांच अन्य एक्सीलेंस सेंटर्स के साथ मिलकर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। गोदावरी ईबीएलयू सेंटर में इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया वाहनों और साइकिलों की कार्यक्षमता पर रिसर्च की जाएगी और रिपेयरिंग व मेंटेनेंस की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। वहीं जस्ट ऑटो सॉल्यूशन सेंटर में आधुनिक ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, रिपेयर और मेंटेनेंस की जानकारी दी



जाएगी। इन सेंटर्स में 1 माह से लेकर 6 माह तक के डिप्लोमा कोर्स भी संचालित किए जाएंगे। जिनमें यूनिवर्सिटी के छात्र ही नहीं, आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी भाग ले सकेंगे। इनका उद्देश्य न सिर्फ छात्रों का स्किल डेवलपमेंट करना है, बल्कि समाज के तकनीकी सशक्तिकरण और रोजगार क्षमता को भी बढ़ाना है।

# किराए के मकान में चल रहा था अवैध कारोबार छापे में मध्यप्रदेश की कई ब्रांड की शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर से लगे दलदल सिवनी इलाके में एक किराए के मकान में शराब का अवैध कारोबार चल रहा था। आबकारी विभाग की टीम ने 15 जून की रात को इस मकान में छापा मारकर मध्यप्रदेश प्रांत की डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत की विभिन्न ब्रांड की शराब बरामद की है। विभाग ने इस कार्रवाई में मौके पर एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि आरोपी ने ही मकान को किराए पर लिया है।

आबकारी जिला उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से विभाग को सूचना मिली थी कि दलदलसिवनी इलाके में हर्ष प्राइड स्थित एक मकान में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। इस सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादुर कुर्रे, आबकारी उप निरीक्षक प्रकाश देशमुख, विक्रम सिंह, आबकारी आरक्षक राकेश दुबे की टीम ने मकान में छापा मारा। इस दौरान आरोपी संजय दासवानी भी मौके पर पाया गया। टीम ने घर से मध्यप्रदेश की रेड लेबल व्हिस्की 9, हंड्रेड पाइपर व्हिस्की 9, ब्लैक एंड वाइट



ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की 10, रॉयल स्टेग व्हिस्की 23, रॉयल चौलेंज व्हिस्की 4, ब्लेंडर्स प्राइड अल्ट्रा व्हिस्की 24, किंगफिशर बीयर केन 90 बरामद किया है। इस तरह कुल 169 शराब-बीयर जब्त की है, जिसकी कीमत 159028 रुपए है। टीम ने जांच में आरोपी को अवैध शराब की तस्करी से भी जुड़ा होना पाया है, जिससे संदेह जताया गया है कि इस अवैध कारोबार में आरोपी के और कई साथी भी हैं। फिलहाल इस मामले में उसके विरुद्ध धारा 34(2), 36, 59(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



नर्सरी और क्लास-1 के नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का स्कूलों में तिलक-पुष्प से स्वागत कर शिक्षकों ने मनाया शाला प्रवेशोत्सव

नौनिहालों की उज्ज्वल भविष्य की कामना लिए माता-पिता अपने बच्चों को विद्या की मंदिर तक छोड़ने आए। जहां शिक्षक रूपी गुरु उनके भीतर ज्ञान की ज्योति जागृत कर उनके व्यक्तित्व को गढ़ने व उनकी प्रतिभा को तराशने का काम करेंगे। 16 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो गई है। सोमवार की सुबह शाला नवप्रवेशी नौनिहाल स्कूल के दरवाजे तक अपने माता-पिता के उंगलियां पकड़कर पहुंचे। पहले दिन पैरेंट्स घर से बच्चों को समय पर स्कूल तक छोड़ने स्वयं के साधन मोटरसाइकिल, स्कूटी पर निकले। कुछ बच्चे आटो तो कुछ स्कूल बसों पर सवार होकर स्कूल पहुंचे।

# माता-पिता की उंगलियां पकड़कर स्कूल के दरवाजे तक पहुंचे नौनिहाल, विद्यार्थी जीवन की हुई शुरुआत







**रायपुर।** सुबह 7 बजे से ही सरकारी व प्राइवेट, अलग-अलग स्कूलों के रंगबिरंगे यूनिफार्म में बच्चे पैरेंट्स के साथ बाइक, आटो, बस से स्कूल जाते दिखे। नर्सरी, कक्षा-1 के अलावा 8वीं व 12वीं कक्षा तक के नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं अपने पैरेंट्स के साथ स्कूल जाते दिखे। स्कूल पहुंचते ही प्रार्थना के बाद शिक्षकों ने नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का तिलक-पुष्प से स्वागत कर शाला प्रवेश कराया। शहर के कुछ सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में किस तरह रहा शाला प्रवेश उत्सव, इसकी लाइव रिपोर्टिंग हरिभूमि की टीम ने की। जहां स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव व पहली बार स्कूल जा रहे बच्चों और उनके पैरेंट्स सहित शिक्षकों की तैयारियों का विविध दृश्य प्रस्तुत किया गया है।

### सुबह 8.19 बजे पुलिस पब्लिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव लाइव -2

हितिका कौशल नर्सरी कक्षा की छात्रा ने स्कूल के पहले दिन पिता की ऊंगली पकड़कर पुलिस पब्लिक स्कूल के मुख्य गेट से पैदल चलते हुए प्रवेश किया। उनके पिता हेमंत कौशल अपने एक हाथ में बेटी हितिका का स्कूल बैग लिए स्कूल के नर्सरी ब्लॉक के द्वार तक पहुंचे, जहां द्वार पर स्कूल की आया मैडम को हितिका और उसका स्कूल बैग सौंपते हुए बेटी को आया के साथ कक्षा में जाने का स्नेह भरी नजरों से इशारा करते हुए धीरे से हाथ छुड़ाया, ना-नुकुर करते हुए हितिका, फिर पापा का हाथ छोड़ते हुए आया के साथ कक्षा में चली गई। यह दृश्य शाला प्रवेश उत्सव के पहले दिन बैरन बाजार लाइन रोड स्थित पुलिस पब्लिक स्कूल का है। जहां स्कूल के पहले दिन सुबह 8.19 बजे के करीब पुलिस पब्लिक स्कूल के गेट पर बाइक व आटो की कतार लग गई। नर्सरी से लेकर 8वीं क्लास तक के स्कूली बच्चों को पैरेंट्स बाइक, आटो पर स्कूल छोड़ने पहुंचे, इन्हीं के बीच में नन्ही हितिका कौशल नर्सरी कक्षा में पढ़ाई करने पहली बार शाला पहुंची। हितिका से हमने पूछा, आपका क्या नाम है तो उन्होंने बहुत धीमी आवाज में अपना नाम बताया। इसके तुरंत बाद उनके पिता हेमंत कौशल ने बताया कि वे पुलिस लाइन में रहते हैं, हितिका को पहली बार नर्सरी कक्षा के लिए छोड़ने आए हैं।





### सुबह 8.11 बजे गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, विवेकानंद नगर लाइव -1

लगभग सुबह 8 बजकर 11 मिनट के करीब विवेकानंद नगर स्थित गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में पहली कक्षा के नवप्रवेशी छात्र आयुष यादव अपनी मां पूजा यादव के साथ स्कूल पहुंचे। नाम पूछने पर धीरे से बताया कि उनका नाम आयुष यादव है और वह पहली बार स्कूल आया है। वहीं स्कूल परिसर में ही संचालित विवेकानंद इंग्लिश स्कूल की नर्सरी कक्षा में भी नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं पैरेंट्स के साथ पहुंचे। स्कूल के बाहर मोटरसाइकिल, स्कूटी तो कुछ आस-पास रहने वाले पैरेंट्स पैदल ही बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव कराने लेकर पहुंचते दिखे। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य विनीता शर्मा सहायक शिक्षकों के साथ बच्चों के स्वागत की तैयारी करती दिखीं। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों का तिलक से स्वागत, यूनिफार्म, पुस्तक वितरण कर किया गया। इसमें बच्चों के पैरेंट्स को ही मुख्य अतिथि बनाया गया।

### पहले दिन जल्दी स्कूल से छूटे बच्चे

इन सभी स्कूलों में सुबह 8.30 को कक्षाएं प्रारंभ हुईं और दोपहर 12.30 बजे से 1 बजे तक नर्सरी व प्राइमरी कक्षा के बच्चों को छुट्टी दे दी गई। वहीं 6वीं से 8वीं कक्षा के स्कूली बच्चों की दोपहर 2 बजे छुट्टी हुई, जबकि 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की कक्षा दोपहर 3 बजे छूटी। शिक्षकों ने बताया कि मंगलवार से सुबह 7.00 बजे से 11 बजे तक स्कूल का समय सारिणी निर्धारित की गई है।

### सुबह 8.30 बजे आशीर्वाद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बैरन बाजार लाइव-3

आशीर्वाद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल के द्वार पर केले के पत्तों से बच्चों के लिए स्वागत द्वार बनाया गया। नवप्रवेशी कक्षाओं के सभी बच्चे अपने पैरेंट्स के साथ स्कूल पहुंचे। यहां पर प्रार्थना के बाद नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का तिलक व पुष्प से तिलक-स्वागत शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने किया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान उत्साहपूर्वक बच्चों व उनके पैरेंट्स का स्वागत किया गया। वहीं सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का पहले दिन सभी स्कूल शिक्षकों व स्टाफ से परिचय कराया गया। स्कूल के प्राध्यापक मनीष मिश्रा ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी नव शिक्षण सत्र का शाला प्रवेश उत्सव उत्साह से बच्चों का स्वागत कर किया गया है।



### शिशु निकेतन स्कूल डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में मना शाला प्रवेश उत्सव

शिशु निकेतन ईएमएचसएस स्कूल डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को स्कूल में नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का शिक्षकों द्वारा तिलक व पुष्प से स्वागत कर शाला प्रवेश कराया गया। शिशु निकेतन ईएमएचसएस स्कूल के शाला कोऑर्डिनेटर कृष्णा पटनायक ने बताया कि नर्सरी व कक्षा-1 के नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं व उनके पैरेंट्स से स्कूल स्टाप से परिचय कराया गया। साथ ही पैरेंट्स व शिक्षकों के बीच बेहतर सहयोग करने की अपील की, ताकि बच्चों को स्कूल व घर दोनों जगहों पर सकारात्मक वातावरण मिल सके। शाला को-आर्डिनेटर ने बताया कि स्कूल खुलने के दिन 16 जून 2025 को हमारे छात्रों की वापसी के क्षणों को साझा करते हुए खुशी हो रही है, जिसमें तिलक लगाकर सुबह की सभा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया और हमारे शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्ष एके पाल ने छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र में एक नई शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल फिर से खुशी और उल्लास से भर गया। पिछले सत्र में उनके सावधानीपूर्वक प्रयासों के लिए हमारे सभी नवोदित शिक्षार्थियों को अभिनंदन है।




### प्राथमिक शाला लभांडी में प्रवेश उत्सव, निकाली जागरूकता रैली

सरकारी स्कूल लभांडी में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। इसके बाद शिक्षकों व बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने अपील की। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण निषाद ने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जिस बच्चे की वर्ष में कक्षा में सबसे ज्यादा उपस्थिती रहेगी उन छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से राधेश्याम थवाईत, प्रधानपाठक रघुवीर निषाद, पूर्णिमा हिरवानी, प्रीति चंद्राकर, राकेश पुरी गोस्वामी, पुरुषोत्तम बघेल सहित शासकीय प्राथमिक शाला के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं, पालक एवं नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षक देवेंद्र कुमार साहू द्वारा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया गया।

## सिटी इवेंट

### बच्चों ने खुद को बनाया रचनात्मक जाना पेड़-पौधों का महत्व



**रायपुर।** नगर माता बिन्नी बाई सोनकर गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का समापन हुआ।समाजसेवी व राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित व्याख्याता बिहारी लाल शर्मा ने कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पेड़-पौधों का महत्व, सामान्य ज्ञान, स्पोकन इंग्लिश तथा जीव-जंतुओं की प्रकृति में भूमिका जैसे विषयों की शिक्षा दी। साथ ही पढ़ाई में कमजोर और पूरक परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन अध्ययन कराया गया। शिक्षकों ने व्याकरण, चित्रकला और नृत्य जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया। शिक्षक ने प्रतिदिन अपने व्यक्तिगत खर्च से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की। शिक्षण केवल कक्षाओं तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यालय परिसर में लगाए गए उन पौधों के नीचे भी शिक्षा दी गई, जो अब वृक्ष बनने की ओर अग्रसर हैं।

### अग्रसेन महाविद्यालय में समर कैंप का समापन

अग्रसेन महाविद्यालय में 45 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। समर कैंप के माध्यम से छात्रों को अपनी छिपी प्रतिभा पहचानने और निखारने का मंच मिलता है। यह प्रशिक्षण उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से समर कैंप के साथ-साथ ग्रीष्मकालीन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन महाविद्यालय में किया जा रहा है। विभिन्न विधाओं में छात्रों की भागीदारी से उनका मनोबल बढ़ता है और वे अपने कौशल को पहचान पाते हैं।

## एजूकेशन अलर्ट

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 30 जून से, पांच शहरों में होंगे सीईई टेस्ट

**रायपुर।** भारतीय सेना द्वारा सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर पंजीकरण करने वाले उम्मीदवारों के लिए यह परीक्षा 30 जून 2025 से 4 जुलाई 2025 एवं 7 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के पांच परीक्षा केंद्रों बिलासपुर, रायपुर, भिलाई , दुर्ग और जगदलपुर में प्रतिदिन तीन शिफ्ट में यह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही लिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों के लिए दो अलग-अलग प्रवेशपत्र जारी किए जाएंगे। सभी उम्मीदवारों के प्रवेशपत्र 16 जून 2025 से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindian-army.nic.in पर उपलब्ध होंगे।



#### छग. में निर्धारित परीक्षा केंद्र

बिलासपुर में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज मस्तूरी रोड, लाल खदान और डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी, करगीरोड कोटा, रायपुर में आईओएन डिजिटल जोन, सरोना भिलाई (दुर्ग) में पर्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, सिरसाकला, दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बालोद रोड और जगदलपुर में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, धरमपुरा। भारतीय सेना ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचें और प्रवेशपत्र में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टता के लिए उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप) के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

### इग्नू में ऑनलाइन प्रवेश के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक

*इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) नई दिल्ली द्वारा जुलाई 2025 के लिए ऑनलाइन मोड में प्रवेश के लिए नामांकन बिना विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 है। नामांकन के लिए स्नातक-स्नातकोत्तर व पीजी डिप्लोमा सर्टिफिकेट कार्यक्रम एवं अवेयरनेस प्रोग्राम भी उपलब्ध है, जिसके लिए निर्देशन वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक शिक्षार्थी अध्ययन केंद्र में उपलब्धता के आधार पर विषय का चुनाव कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए अध्ययन केंद्र-1509 शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर से संपर्क कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को मुद्रित सामग्री न लेने पर कार्यक्रम शुल्क में 15 प्रतिशत की छूट दी गई है, जो ऑनलाइन सामग्री के आधार पर पढ़ाई कर सकेंगे। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए बीए, बीकॉम व बीएससी (सभी सामान्य) में निशुल्क नामांकन का प्रावधान है। इच्छुक आवेदक ऑनलाईन मोड में नए प्रवेश के लिए पोर्टल पर जाकर इग्नू के लिंक* ***https://ignouadmission-samarth-edu*** *पद पर प्रवेश के लिए नामांकन 15 जुलाई 2025 तक कर सकते हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश 21 जून तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छेरीबेड़ा तथा ओरछा में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रक्रिया 9 से 10 मई को आयोजित की गई थी।*

## कार्नर न्यूज

### स्कूल खुलते ही गोलबाजार बुक मार्केट में स्टेशनरी मटेरियल्स की पूछपरख बढ़ी

# स्टेशनरी मार्केट में लौटी रौनक, पेंसिल बॉक्स की वैरायटीज, मैजिक बुक, स्टाइलिश कटर-इरेजर भी





**रायपुर।** नए शिक्षा सत्र का आगाज होते ही गली-मोहल्लों ही नहीं, बल्कि गोलबाजार स्टेशनरी मार्केट में एक बार फिर से पेंसिल बाक्स सहित मैजिक बुक की पूछपरख भी बढ़ गई है। सुबह मार्केट खुलने से लेकर रात 10 बजे तक रौनक बनी रहती है। इसमें पेंसिल, कटर और खिलौने जैसे इरेजर भी कई रेंज में मिल रहे हैं। स्टेशनरी दुकान संचालक अच्छी ग्राहकी मिलने से पालकों को जरूरी प्रोडक्ट उपलब्ध करा रहे हैं। खास तरीके से डिजाइन की गई स्टेशनरी को बच्चों की पसंद से अभिभावक खरीद रहे हैं, क्योंकि उन्हें कम दाम में बेहतर सामग्री मिल रही है। बाजार में नर्सरी, पहली क्लास में प्रवेश लेने वाले बच्चों को लुभाने वाली सामग्री दुकानों में सजाई गई है। इस बार बच्चों को अक्षर ज्ञान कराने के लिए मैजिक प्रैक्टिस बुक कई रेंज में मिलने से पालक खरीद रहे हैं।

### स्कूल में मन लगे इसलिए खरीद रहे प्रोडक्ट

गोलबाजार में स्टेशनरी और बुक विक्रेता परवेज सकील्लुद्दीन ने बताया कि बच्चों को आकर्षित करने वाली सामग्री को उनके माता-पिता इसलिए खरीद रहे हैं, ताकि पढ़ाई में उनके बच्चे का मन लगे। इसके लिए मैजिक प्रैक्टिस बुक पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए लोग ज्यादा खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसे बच्चों के माता-पिता क्लास थ्री में पढ़ने वाले बेटे-बेटियों के लिए भी खरीद रहे हैं। इसमें अलग-अलग ड्राइंग के माध्यम से भी बच्चों को कलर भरते हुए अक्षर ज्ञान कराने के लिए पेंसिल भी दे रहे हैं।

### पेंसिल रखने डिजाइनर लेदर बाक्स

मार्केट में चाइना प्रोडक्ट भी जोर पकड़ने लगे हैं। इसे देखते हुए हर स्टेशनरी दुकानों में इन्हें बेचा जा रहा है। कम दाम में मिलने से पालक इसे खरीद लेते हैं। पेंसिल बॉक्स की कई रेंज दुकान के बाहर सजाई गई है। इनमें कपड़े, लेदर और फोम से निर्मित बॉक्स बच्चों को बहुत पसंद आ रहा है। 50 से 250 की रेंज में कार्टून कैरेक्टर थीम पर तैयार बॉक्स लोग इसलिए भी खरीद रहे, क्योंकि इसमें टूट-फूट का खतरा बहुत कम है। बच्चे गिरा भी देंगे तो भी प्रोडक्ट को कोई नुकसान नहीं होगा।

### डिजाइनर पेन-पेंसिल की भरमार

विवेक अग्रवाल ने बताया कि आने वाले इंडियन स्टेशनरी के बजाय चाइना मार्केट की सामग्री दिखा रहे हैं। कम रेंज में बेहतर क्वालिटी मिलने से लोग खासतौर से डिजाइन की गई पेन, पेंसिल देते हुए उसकी उपयोगिता भी बताते हैं कि नोट बुक में लिखते समय अगर गलती हो जाती है तो इस पेन व पेंसिल की लिखावट को मिटाने के लिए पेन और पेंसिल के ऊपरी हिस्से में खासतौर से रबर सेट किया गया है। इससे तुरंत मिटाने के बाद नोट बुक में सुधार की गुंजाइश को देखते हुए पालक खरीद भी रहे हैं।

सिटी लाइव

## कठिन विधा है कविता लेखन, 'सपनों के स्वर' में समाहित है पाटन की पृष्ठभूमि



**रायपुर।** मंच पर अगर नाटक दृश्य है तो संगोष्ठी में श्रव्य माध्यम है, लेकिन कविता अपने लय के कारण दृश्य के साथ श्राव्य माध्यम भी है। साहित्य जगत की सबसे कठिन विधा भी कविता लेखन है। 81 वर्ष की आयु में शिवकुमार यादव कविता लेखन को लेकर उत्साही, सक्रिय और उतने ही जुनूनी है। जितने युवावस्था में रहे होंगे। काव्य संग्रह 'सपनों के स्वर' के विमोचन समारोह में सोमवार को महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद और 86 वर्षीय रंगसाधक अनिल श्रीराम कालेले ने उक्ताशय के विचार व्यक्त किए। इस दौरान साहित्यकार, कवि शिवकुमार यादव को शॉल-श्रीफल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। हिंदी साहित्य समिति के उद्भव से लेकर अब तक सक्रिय रहे कवि भूषण पटेल भी इस अवसर पर सम्मानित किए गए। शिव कुमार ने संगोष्ठी में कहा कि पाटन मेरे लिए एक शब्द नहीं, सपना है। मेरे काव्य संग्रह 'सपनों के स्वर' को स्वर पाटन की पृष्ठभूमि ने दिया है।

### पाटन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली

उन्होंने आगे कहा कि पाटन में रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। यहां के हवा-पानी में अपनेपन का जादू है। पाटन निवास के दरमियान पत्रिका 'अरुणिमा' के प्रकाशन ने मुझे संबल दिया, इसकी वजह से मेरी प्रथम कृति 'अनुभूतियों के पंख' का सृजन हुआ। साहित्य समिति पाटन के अध्यक्ष हेमंत देवांगन ने कवि शिवकुमार की जीवन यात्रा और पाटन को उसकी उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए स्पष्ट किया कि सन 1965 से 67 तक शिवकुमार के आगमन से पाटन में क्या-क्या शैक्षणिक, सांस्कृतिक परिवर्तन हुए। हेमंत ने 'सपनों के स्वर' की पंक्तियों की समीक्षा भी की। अतिथि प्रसन्न निमोणकर ने 'सपनों के स्वर' की विविधता लिए हुए चुनिंदा कविताओं का पाठ किया। स्वामी आत्मानंद सभागार में पाटन के व्यंग्यकार विनोद साव ने संबोधित किया। महाराष्ट्र मंडल के सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने स्वरचित कविताओं का पाठ करते हुए तालियां बटोरीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश भाले तथा संयोजन हेमंत देवांगन ने किया।

● माना क्षेत्र में 8 से 20 फीट तक की सभी मूर्तियों की बुकिंग पूरी, मिट्टी सूखने के बाद प्रतिमा पर लगाएंगे रंग

# गणेश चतुर्थी से दो माह पूर्व भव्य मूर्तियां बुक, बंगाल से पहुंचे कारीगर, बाल गणपति और लालबाग के राजा की मांग अधिक

**शहर के माना क्षेत्र में विघ्नहर्ता की प्रतिमा बनाने का कार्य मूर्तिकारों ने शुरू कर दिया है। गणेश चतुर्थी का पर्व इस बार 27 अगस्त को मनाया जाएगा। प्रतिमा की बुकिंग करने समितियां हर दिन विभिन्न जिलों से माना पहुंच रही हैं। मूर्तिकारों द्वारा इस बार 5 फीट से 20 फीट तक ऊंची, विशाल प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं, जिसकी कीमत 10 हजार से 1 लाख 20 हजार तक है।**



80 हजार से 1 लाख तक की सभी मूर्तियां बुक

*गणेश चतुर्थी में अभी डेढ़ महीने का समय बचा हुआ है, लेकिन माना क्षेत्र में बन रही अधिकतम मूर्तियां बिक चुकी हैं। माना स्थित श्रुति मूर्तिकला के संचालक ने बताया कि इस बार 5 फीट से 12 फीट तक की 40 से अधिक मूर्तियां बना रहे हैं, जिसमें 80 हजार से 1.140 लाख रुपए तक की मूर्तियों की बुकिंग हो चुकी है। कई समितियों ने पर्व से दो महीने पहले से ही बुकिंग करा ली है। मां काली मूर्तिकला के संचालक पवन बनर्जी ने बताया, इस बार 15 फीट की मूर्ति की कीमत 1 लाख 5 हजार है, वहीं 7 से 8 फीट की मूर्तियों के दाम 80 हजार तक हैं। 20 फीट की मूर्ति की कीमत 1 लाख 80 हजार बताई गई। समय पर काम पूरा करने अब नया ऑर्डर लेना भी बंद कर दिया है।*



**रायपुर।** माना में दर्जनभर से अधिक मूर्तिकार 200 से अधिक प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं, वर्तमान में 70 फीसदी बुकिंग हो चुकी है। हरिभूमि से बातचीत में कारीगरों ने बताया, गर्मी के दौरान दर्जनभर प्रतिमाएं तैयार की हैं, इनमें आधी बुक हो चुकी हैं। नई मूर्तियों का आर्डर अब लेना बंद कर दिया है, क्योंकि समय कम बचा हुआ है। मिट्टी सूखने में समय लगता है। कई समितियों ने पिछले साल ही ऑर्डर दे दिया था, माना में कुछ मूर्तिकारों ने जुलाई तक आर्डर लेने की बात कही है। मूर्तियों को विशेष आकार देने के लिए बंगाल से कलाकार पहुंचे हैं। दिशा मूर्ति कला के सपन मंडल ने बताया कि इस बार बाल गणेश, राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती के अलावा साईं बाबा के रूप में प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। प्रतिमाओं को आकार देने का काम मूर्तिकारों ने पूरा कर लिया है। अब मिट्टी सूखने के बाद सफेद रंग लगाएंगे, उसके बाद अन्य रंग लगाए जाएंगे।



### माना में छोटी प्रतिमाओं का निर्माण कम

*प्रतिमाओं के दाम इस बार पिछले साल से 5 से 8 प्रतिशत अधिक हो चुके हैं, लेकिन इसका फर्क बुकिंग पर नहीं पड़ रहा है। पर्व के महीनेभर पहले ही मूर्तिकारों की ज्यादातर प्रतिमाएं हाथों-हाथ बिक चुकी हैं। मूर्तिकारों के मुताबिक, मूर्ति बनाने के संसाधन, लकड़ी, पैरा आदि सामग्री महंगी हो गई है। मिट्टी की कीमत बढ़ गई है। लकड़ी, बत्ता, बांस के दाम भी आसमान छू रहे हैं। मूर्ति सजावट के सामान एवं वस्त्र की कीमतें भी बढ़ गई हैं। सभी में पिछले साल से 5 फीसदी से अधिक दाम बढ़े हैं। इस बार माना में छोटी-छोटी गणेश मूर्तियों का निर्माण मूर्तिकारों ने कम किया है।*

### चमक बढ़ाने प्राकृतिक रंगों का प्रयोग

मूर्तिकारों ने समितियों की मांग पर विभिन्न रूप में गणेशजी की प्रतिमाएं तैयार की हैं। दिशा मूर्ति आर्ट के सपन मंडल ने बताया कि इस बार लालबाग के राजा, रिद्धि-सिद्धि के साथ गणेशजी के अलावा शिवजी के रूप में गणेश भगवान की प्रतिमाओं के आर्डर अधिक मिले हैं। थीम बेस्ड मूर्तियों में इस बार भी बैलगाड़ी व नाव पर परिवार सहित सवार गणेशजी की प्रतिमा राजधानी में आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा भगवान गणेश को मूषक, कमल, हाथी, शंख आदि पर विराजमान कर मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। मिट्टी से बनी मूर्तियों को रंगने इस बार प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि मूर्तियों में चमक बढ़े और विसर्जन के बाद तालाब और नदी का पानी दूषित न हो।

लाइव इवेंट

## सीए नेशनल कांफ्रेंस में 2000 स्टूडेंट्स ने किया पार्टिसिपेट



**रायपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने समर्थ-2025 सीए स्टूडेंट्स नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया। यह आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुआ। इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देशभर से करीब 2000 से अधिक सीए के विद्यार्थियों ने पार्टिसिपेट किया। यह आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रायपुर शाखा, सिकासा रायपुर, भिलाई, बिलासपुर एवं रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस अवसर पर कांफ्रेंस का सौवेंयर का विमोचन मैनेजिंग कमिटी द्वारा किया गया, जिसमे पूरे कांफ्रेंस की गतिविधियों को समाहित किया गया। वर्कलाइफ बैलेंस और स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर विशेष सत्र डॉ. तनुश्री नेरल द्वारा लिया गया। ज्ञान सत्र में स्टार्टअप और डायरेक्ट टैक्स के बारे में सीए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। कौशल उन्नयन सत्र एक में भारतीय संविधान और राष्ट्र निर्माण विषय पर सीए शुभम सिंघल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। सत्र दो में सीए भंवर बोराना ने भविष्य में सीईओ या सीएफओ के रूप में सीए की जर्नी विषय पर मार्गदर्शन देते हुए अपने विचार रखे। अंत में रायपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विकास गोलछा एवं स्टूडेंट्स कमिटी अध्यक्ष सीए ऋषिकेश यादव ने सभी का आभार प्रकट किया एवं सभी स्पीकर्स, पेपर प्रजेंटर, वॉलंटियर्स को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

### मंत्री गडकरी ने की कांफ्रेंस की तारीफ

इस कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी रहे। उन्होंने अपना शुभकामना संदेश समर्थ-2025 सीए स्टूडेंट्स नेशनल कांफ्रेंस के आयोजकों एवं उपस्थित छात्रों को दिया। साथ ही उन्होंने आयोजन की सराहना की।

# पैसे की कमी न बने युवाओं की पढ़ाई में रोड़ा, प्रोत्साहन राशि-स्टेशनरी समेत उच्च शिक्षा के लिए ऋण की सुविधा

युवाओं को शिक्षा में सहयोग देने समाज, संगठन व संस्थाएं भी प्लानिंग के तहत कर रहे मदद

'शिक्षा को लेकर अब घर-परिवार के लोगों समेत अलग-अलग समाज की सोच भी समय के साथ बदली हैं। कुछ दशकों पहले जहां बेटियों को स्कूल-कॉलेज भेजने की पैरवी माता-पिता व समाज नहीं करते थे। अब कई समाज के लोग बेटे-बेटियों की पढ़ाई में पैसे की कमी रोड़ा न बने, इसलिए वे छात्रवृत्ति का विकल्प देने लगे हैं। कुछ बड़े समाज के लोग निशुल्क उच्च शिक्षा भी दिला रहे हैं। कई संगठन व संस्थाएं स्कूलों में स्टेशनरी, खेलने के लिए सामग्री, उच्च शिक्षा दिलाने ब्याज मुक्त ऋण भी दे रही हैं।'

**रायपुर।** आधुनिक दौर में समाज के युवा आर्थिक दिक्कतों की वजह से शिक्षा से वंचित न होने पाएं, यह चिंता अब समाज प्रमुखों को भी सताने लगी है। इसके चलते विगत एक दशक में समाज के लोगों ने भी सामाजिक सरोकार बढ़ाने कई अहम निर्णय लिए हैं। इससे प्रदेश के किसी जिले में रहने वाले समाज के लोगों को अब राजधानी में बेटे-बेटियों को ऊंची तालीम दिलाने की चुनौती नहीं रह गई है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने में विभिन्न समाज के लोग अपने स्तर पर सहभागी बनने लगे हैं। शिक्षा में समाज के इस सहयोग की भावना के चलते आपसी सरोकार बढ़ने से सामाजिक रूप से मजबूती भी बढ़ने लगी है। समाज के लोग परिवार की तरह ही समाज में भी दखल रखने लगे हैं।



### ब्याज मुक्त लोन से 21 युवाओं की पढ़ाई

उच्च शिक्षा हासिल करने में किसी विद्यार्थी और उनके माता-पिता को परेशानी से बचाने का प्रयास पांच साल पहले शुरू किया गया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने बताया कि यह किसी समाज विशेष के लिए नहीं है। किसी भी समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग की भावना से उच्च शिक्षा ऋण के रूप में दिया जाता है। ब्याज मुक्त शिक्षा लोन का लाभ अभी तक प्रदेश के 21 युवाओं को दिया गया है। इसे पढ़ाई पूरी होने पर जॉब करते हुए हर महीने किस्तों में देने का प्रावधान किया है। जिन लोगों को पहले दिया गया था, वे अब 5 से 10 हजार रुपए प्रति महीने लौटा रहे हैं। इस पैसे को ही रोटेशन में नए आवेदकों की देने का प्रावधान संगठन ने किया है।

### 11-11 हजार प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी



शिक्षा के क्षेत्र में समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरयूपारीण ब्राह्मण समाज सभा ने भी समाज के बेटे-बेटियों और उनके माता-पिता का सहयोग करने का प्रयास किया है। इस बारे में सभा के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला ने बताया कि हर साल अलग-अलग स्कूलों में हर वर्ग के बच्चों को जरूरी सामग्री के रूप में स्टेशनरी उपलब्ध कराते हैं। अब 10वीं-12वीं में टॉप करने वालों को 11-11 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी है। इनमें सबसे ज्यादा अंक लाने वाले एक बेटे और बेटी को 5001-5001 रुपए देने का निर्णय समाज द्वारा किया गया है। शिक्षा समाज की प्राथमिकता में शामिल है।

### 15 विद्यार्थियों को दिला रहे निशुल्क शिक्षा

शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले समाजों में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भी सरोकार से जुड़ा है। आर्थिक कमजोरी शिक्षा में बाधा न बनने पाए, इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने बताया कि हर समाज 10वीं, 12वीं में टॉप करने वाले मेधावी बेटे-बेटियों का सम्मान करते हुए उन्हें समाज के युवाओं के बीच में आदर्श के रूप में हजार से तीन हजार तक की प्रोत्साहन राशि देते हैं। इसके साथ ही समाज के रायपुर छात्रावास में प्रदेश के 15 विद्यार्थियों की रहने-खाने की सुविधा देते हैं। स्टेशनरी सहित शिक्षा का भी खर्च वहन करते हैं, ताकि समाज के युवाओं का ग्राफ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर किया जा सके। इसके लिए भी प्रक्रिया के तहत चयन किया जाता है।

### उच्च शिक्षा दिलाने 26 को निशुल्क आवास

समाज के बेटे-बेटियों को राजधानी में उच्च शिक्षा दिलाने में कई माता-पिता सिर्फ इसलिए पीछे हटते हैं, क्योंकि वे शहर में रहने की सुविधा वहन करने की स्थिति में नहीं होते हैं। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा प्रदेशभर से चयनित 26 बेटे-बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए आवास सुविधा दी जाती है। साथ ही हर साल समाज के टॉपर्स छात्र-छात्राओं का वार्षिक सम्मेलन में सम्मान करने के साथ ही आगे की पढ़ाई में सहयोग के तौर पर 2 से 5 हजार रुपए प्रति विद्यार्थी देते हैं। प्रदेश सचिव एसएल यादव ने बताया कि इस साल भी ऐसे 17 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दी गई।

## परिचय सम्मेलन में 38 युवक-युवतियों ने लिया भाग



**रायपुर।** ग्राम टेकारी में झेरिया धोबी समाज का महाधिवेशन और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 38 युवक-युवतियों ने भाग लिया और अपना परिचय दिया। साथ ही समाज के समक्ष 18 प्रकरण आए, जिसमें 15 प्रकरणों का निपटारा किया गया। तीन प्रकरण हिस्सा बंटवारा के होने के कारण ग्राम पंचायत में निपटाने के लिए आवेदको को निर्देशित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री पटेल ने सामाजिक न्याय में महिलाओं की भागीदारी, कन्या विवाह के लिए सहायता राशि, दाह संस्कार के लिए सहायता राशि के नियम लागू करने के लिए समाज को बधाई दी। समाज के लोगों ने सत्ता में भागीदारी के लिए बहुसंख्य झेरिया धोबी समाज ने मांग रखी, जिसे श्री पटेल ने पार्टी आलाकमान को अवगत कराने के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की मांग पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से आग्रह कर सांसद निधि से समाज के भवन परिसर में शौचालय, नलकूप खनन, रसोई कमरा के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया।

### ये रहे उपस्थित


इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवजी भाई पटेल का रजक ताज से अभिनंदन किया गया। महाधिवेशन में कूरा राज धरसींवा परिक्षेत्र के प्रत्येक गांव के समाजजनों के अलावा बालोद जिला गुरुर राज के अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला संगठन प्रभारी नकुल निर्मलकर, रामायण रजक, प्रभात सोनछत्र, भागबली निर्मलकर, दिनेश निर्मलकर, पंचदेवी निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, रमेश निर्मलकर, चोवाराम रजक, रामखेलावन समेत अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

# आषाढ़ माह में सर्वार्थ सिद्धि योग में मनेगी गुप्त नवरात्रि, 25 जून को घट स्थापना

*हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। इन नौ दिनों में जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा और दस महाविद्याओं की देवी की पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कामों में सफलता एवं सिद्धि पाने के निमित्त व्रत रखा जाता है।*

रायपुर। देवी मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही सभी प्रकार के दुख एवं संकटों से मुक्ति मिलती है। वैदिक पंचांग के अनुसार गुरुवार 25 जून को शाम 4 बजे से आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि शुरू होगी।

सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इसके लिए 26 जून से गुप्त नवरात्रि की शुरुआत होगी। वहीं आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि का समापन 26 जून को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर होगा।



### मां दुर्गा की साधक करते हैं पूजा

*वैदिक गणना अनुसार घट स्थापना का समय सुबह 5 बजकर 25 मिनट से लेकर सुबह 6 बजकर 58 मिनट तक है। इसके साथ ही सुबह 11 बजकर 56 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 52 मिनट के मध्य अभिजीत मुहूर्त में भी घट स्थापना कर सकते हैं। इन दो शुभ योग में कलश स्थापना कर देवी मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं। गुप्त नवरात्रि के पहले दिन यानी घट स्थापना तिथि पर ध्रुव योग का संयोग बन रहा है। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग का भी संयोग है। इन योग में देवी मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही जीवन में सुखों का आगमन होगा।*



## सिटी स्पोर्ट्स

# बारिश के चलते अधूरा रहा मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेंस/ अंडर 23 वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत सोमवार को भिलाई के सिविक सेंटर और सेक्टर-1 में बारिश के चलते मैदान गीला होने की वजह से मैच पूरा नहीं खेला जा सका। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट जोन ने 33 ओवर में चार विकेट पर 141 रन बनाएं। कप्तान कृति गुप्ता ने 60 रन, कामना यादव ने 36 रन और सेजल वर्मा ने नॉट आउट 18 रन बनाए। गेंदबाजीमें नार्थ जोन की आंशी अग्रवाल ने तीन विकेट एवं किरण वर्मा ने एक विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में टीम सेंट्रल जोन विरुद्ध साउथ जोन में बल्लेबाजी करते हुए सेंट्रल जोन ने 15 ओवर में दो विकेट पर 67 रन बनाए। मानश्री मौर्य ने नॉट आउट 27 रन और मीनल यादव ने 20रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की पल्लवी वर्मा एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट है। लीग मैचो के पश्चात प्रथम स्थान पर नॉर्थ जोन दूसरे स्थान पर साउथ जोन तीसरे स्थान पर सेंट्रल जोन चौथे स्थान पर ईस्ट जोन एवं पांचवें स्थान पर वेस्ट जोन रही।

# एयू के बेसबॉल टीम ने जीत से किया स्पर्धा का आगाज़

**रायपुर।** आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बेसबॉल प्रतियोगिता श्री जे. जे. यूनिवर्सिटी झुंझुनू के तत्वधान में आयोजित है। जिसमे अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी बिलासपुर की बेसबॉल टीम भी भाग ले रही है। टीम के कोच अख्तर खान ने बताया कि यूनिवर्सिटी की पुरुष टीम का पहला मैच एपेक्स जयपुर यूनिवर्सिटी से हुआ। जिसमे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने टीम के लिए रन बनाये और बेहतर खेल दिखाया। टीम ने यह मैच 10 – 00 से जीत लिया। शिवम सिंह, शत्रुघ्न, अभय सुमेर और भावेश ने अच्छा प्रदर्शन किया।

दूसरा मुकाबला विशाखापट्टनम विश्वद्यालय के साथ हुआ। जिसमें एयू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 05–00 से मैच में विजेता बने। टीम के लिए बाबूलाल, शिवम और शत्रुघ्न ने रन बनाए। महिला वर्ग का मैच अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय विरुद्ध डी.ए.वी. यूनिवर्सिटी के मध्य हुआ। जिसमें महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 02–01 से मैच में अपना पहला जीत हासिल किया। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अंजली खलखो ने शानदार पीचिंग करते हुए यह मैच जिताया।

टीम ने रवाना होने से पूर्व विश्वविद्यालय की टीम का कोचिंग कैंप छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में आयोजित किया गया था। जहां खिलाड़ियों को फील्डिंग, कैचिंग, हीटिंग, और मैच प्रैक्टिस भी कराया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी.एन बाजपाई, कुलसचिव शैलेंद्र दुबे, डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ बसंत अंचल, मुकेश घोरे, डॉ.अजय यादव, डॉ सतीश गोयल, प्रदेश बेसबॉल संघ की अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल, महासचिव मिताली घोष, टीम के कोच मैनेजर संदीप गाहिरे, तरन्नुम खान, लखन देवांगन, अंकुर रजक, योगेंद्र यादव, विकास यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बास्केटबॉल समर लीग में 120 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा



**रायपुर।** 14 जून से बिलासपुर में शुरू बास्केटबॉल समर लीग-3 में 12 टीम भाग ले रही है। इस लीग में जो खिलाड़ी कैंप में भाग लिए थे उनके बीच यह स्पर्धा खेली जा रही है। शामिल खिलाड़ियों की कुल संख्या 120 है। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस टेकन विरुद्ध डिग्निटी 50-45, द्वितीय स्पेक्ट्रम विरुद्ध स्टार 43-37, तृतीय आइडल विरुद्ध रिस्पेक्ट चतुर्थ जीनियस विरुद्ध डिसाइडर 95-89 स्कोर रहा।

जूनियर खिलाड़ियों की टीम ने भी भाग लिया। प्रथम मैच वी वारियर्स विरुद्ध मिनी अचीवर्स 21-15, द्वितीय दिवस डिग्निटी विरुद्ध स्टार 65-49, टेकन विरुद्ध स्पेक्ट्रम 59-47 आइडल विरुद्ध डिसाइडर 35-24 और रिस्पेक्ट विरुद्ध जीनियस 44-39 से जीत हासिल की।

## हमारी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं बताती हैं सेहत का हाल

# बेवजह की उदासी और लगातार चिंता ने घेर लिया तो जान लीजिए जरूरी बातें वरना बढ़ सकती है दिक्कतें

कई बार हमारा मन बिना किस कारण के भी उदास महसूस करने लगता है। आखिर ऐसा क्यों होता है? डॉक्टर कहते हैं 'जब बिना वजह दिल भारी लगे, तो जरूरी है वजह को समझना।' आइए इसे समझते हैं। उदासी हो या खुशी ये दोनों हमारी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं हैं, जिनसे हमारे मूड का पता चलता है। किसी दुख, चिंता में मन उदास हो जाता है, वहीं अपनों से मिलने, सफलता प्राप्त होने पर खुशी का एहसास होता है। पर कई बार हमारा मन बिना किस कारण के भी उदास महसूस करने लगता है।



### बिना कारण उदास होना

बिना कारण हर वक्त उदास रहना अवसाद के कारण भी हो सकता है। अगर यह समस्या दो सप्ताह से ज्यादा बनी रहती है तो यह गंभीर मानसिक स्थिति का रूप ले सकती है। रिप्रोडक्टिव हार्मोन्स में बदलाव आने से भी दिनभर उदासी हो सकती है, ऐसा ज्यादातर महिलाओं में होता है। कई बार लोग कुछ ऐसी परिस्थितियों से गुजर रहे होते हैं, जिनका समाधान उनके पास भी नहीं होता है। ऐसे में न चाहते हुए भी उन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा सोचने लगते हैं और परेशान होने लगते हैं। इसका कारण काम का तनाव, किसी करीबी का बीमार होना, रिश्ते से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### क्या कहते हैं मनोचिकित्सक?

मौसम में बदलाव आने पर भी शरीर पर असर पड़ता है, जिससे जीवनशैली में बदलाव आता है। यह भी बेवजह उदास रहने और मूड बदलने का कारण बन सकता है। वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. एस धनंजय कहते हैं, जब बिना वजह दिल भारी लगे, तो जरूरी है वजह को समझना। डोपामिन और सेरोटोनिन की कमी अक्सर उदासी बने रहना का प्रमुख कारण हो सकता है। ये दो खास 'फील गुड' हार्मोन हैं। इनकी कमी से मूड खराब रहता है और लगातार थकावट या दुख का एहसास बना रहता है। इसके अलावा थायरॉइड की समस्या या हार्मोनल असंतुलन भी आपके मूड को प्रभावित कर सकती है।

### अक्सर उदासी बने रहने के इन कारणों को भी जानिए

अक्सर उदास रहने, काम में मन न लगने या चिंतित रहने के पीछे कई और भी कारण हो सकते हैं जिनके बारे में समझना जरूरी है। नींद की कमी या नींद में अनियमितता के कारण दिमाग को पर्याप्त आराम नहीं मिलता और इसका सीधा असर मूड पर पड़ता है। अध्ययनों में कुछ प्रकार के विटामिन्स जैसे विटामिन-डी और बी12 की कमी को भी आपके मूड को प्रभावित करने वाला पाया गया है। इसके अलावा बार-बार खुद को दोष देना, भविष्य को लेकर चिंता करना या पुराने अनुभवों को दोहराते रहना भी उदासी को बढ़ाता है।

### क्या है उपाय?

डॉक्टर कहते हैं उदासी की समस्या से बाहर आने के लिए करीबियों से अपनी भावनाएं साझा करें। मनपसंद गाने सुनें या मनपसंद कार्यों में ध्यान लगाएं। समस्या बढ़ने पर मनोवैज्ञानिक से संपर्क जरूर करें। अगर यह उदासी हफ्तों तक लगातार बनी रहती है, तो यह क्लिनिकल डिप्रेशन भी हो सकता है जिसे इलाज की जरूरत होती है, इसे अनदेखा बिल्कुल न करें।

# नेशनल म्यूथाई में छत्तीसगढ़ को 5 स्वर्ण सहित 35 पदक, लौटने पर हुआ शानदार स्वागत



**रायपुर।** छठवीं अंडर एमएआई राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप 09-14 जून महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय इंडोर स्टेडियम, रोहतक (हरियाणा) में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 05 स्वर्ण सहित 35 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के समापन के बाद सोमवार को छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी लौट आए। रायपुर पहुंचने पर इन खिलाड़ियों और अधिकारी अमन यादव (भाजपा कला एवँ खेल प्रमुख) का शानदार स्वागत राज्य म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन के नेतृत्व महेन्द्र साहू, यश राय, रोशन नेताम, सामाजिक कार्यकर्ता अजय अग्रवाल, सुदेश अग्रवाल एवँ खिलाडियों के परिजनों ने रायपुर रेल्वे स्टेशन में किया। उल्लेखनीय है कि रायपुर के 26 खिलाड़ियों में 02 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 08 खिलाड़ियों ने रजत और 06 खिलाड़ियों ने काँस्य पदक जीता वहीं 10 खिलाड़ियों को कोई पदक नहीं मिला। छत्तीसगढ़ के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक आरवी अवस्थी (बस्तर, अंडर10 वर्ष, -25किग्रा), भार्गवी उइके (रायपुर,14-15 वर्ष, -57 किग्रा), युवराज सिंह (बस्तर, 16-17वर्ष, -86 किग्रा), प्रवीण कृष्ण जायसवाल (रायपुर, +23वर्ष, -81किग्रा), टिकेश्वरी साहू (दंतेवाड़ा +23वर्ष, वाए क्रू इवेन्ट),रजत पदक ऐशिनी वर्मा (रायपुर, 10-11 वर्ष, -30किग्रा), अन्वी जैन (बस्तर,12 - 13वर्ष, -40 किग्रा), हिमानी डरसेना (बालोद, 12–13 वर्ष, -44किग्रा), भुनेश्वरी महावीर (बस्तर, 14-15 वर्ष,-38 किग्रा), समिधा अग्रवाल (रायपुर, 14-15वर्ष, वाए क्रू), वेदांशी ठाकुर (बस्तर, 14-15 वर्ष,-48 किग्रा),खुशबू कश्यप (बस्तर, 16-17वर्ष, -45 किग्रा), गीताक्षी श्रीवास (बस्तर,16-17वर्ष,-57 किग्रा), दिव्या अग्रवाल (रायपुर, +23वर्ष, -45किग्रा), वाणी (बालोद, +23वर्ष, -60किग्रा), नित्यम कुमार (रायपुर, -9वर्ष, -28किग्रा), कुशाग्र कुमार साहू (रायपुर, 10–11 वर्ष, 44किग्रा), एलेक्स कुमार (बस्तर, 12-13 वर्ष, -40किग्रा), अर्चित केशवानी (रायपुर, 12 -13वर्ष, -52 किग्रा), कार्तिक वर्मा (रायपुर, 16-17 वर्ष, -48 किग्रा), आदित्य सोलंकी (रायपुर, अंडर 23वर्ष, वाए क्रू इवेन्ट), काँस्य पदक में गरिमा नाग (बस्तर, 14-15 वर्ष,-40 किग्रा), साधिके दुबे (बालोद, 14-15वर्ष, -51किग्रा), जिया जायसवाल (बालोद, 16-17वर्ष,-48 किग्रा) .मानसी तांडी (रायपुर,-23वर्ष, वाए क्रू), वुक्केम विक्टर लेनिन चैतन्य (बस्तर, 10-11वर्ष,-30 किग्रा), शौर्य सिंह ठाकुर (बस्तर, 12-13वर्ष, -48 किग्रा), आदित्य युवराज (बस्तर, 12 -13 वर्ष,-50 किग्रा), हर्ष कुमार (बालोद, 16-17वर्ष, -54 किग्रा), युवराज सिंह (बस्तर, 16-17 वर्ष, वाए क्रू इवेन्ट), विकल्प द्विवेदी (रायपुर, अंडर 23 वर्ष, -81किग्रा), शुभम कुमार निषाद (रायपुर,+23वर्ष, -54किग्रा),पारस सावरकर (रायपुर, +23वर्ष, -57 किग्रा), आर्यन पटेल (रायपुर, +23 वर्ष, -60किग्रा), अनुभव राय (रायपुर, +23 वर्ष, -53.5 किग्रा), क्वार्टर फाइनलिस्ट (कोई पदक नही) वन्दना गोयल (बस्तर),सिमरन सिंह (बालोद), वंशिका बंछोर (बस्तर),मंजू साहू (रायपुर), दीपिका कश्यप (बस्तर), शिवानी वर्मा (रायपुर),मनन जवाहर (बस्तर), कल्पेश शोरी (बस्तर),चैतन्य साहू (रायपुर), ओम कुमार नुप्पो (बस्तर), शुभम बिस्वास (रायपुर),जय कुमार (रायपुर),विद्या कुमार सोनी (रायपुर),शुभम मानिकपुरी (रायपुर),लक्ष्मीनारायण साहू (रायपुर),भावजोत सिंह कोहली (रायपुर), विशाल हियाल (रायपुर) शामिल हैं।



# वास्तु अनुसार घर की छत पर न रखें इन्हें वरना झेलनी पड़ सकती हैं आर्थिक तंगी

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर का हर कोना और स्थान किसी न किसी ऊर्जा का केंद्र होता है। छत पर रखी गई अनुपयोगी, भारी या नकारात्मक वस्तुएं जीवन में आर्थिक, मानसिक और पारिवारिक परेशानियों को जन्म देती हैं। जानिए वास्तु के अनुसार ऐसी चीजें जिन्हें घर की छत पर नहीं रखना चाहिए।



**टूटी-फूटी वस्तुएं या कबाड़ :** वास्तु के अनुसार छत पर टूटी चारपाई, फर्नीचर, लोहे का कबाड़ या बेकार पड़ी चीजें नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं। इससे घर में दरिद्रता और कलह का वातावरण बनता है।

**बंद पानी की टंकियां :** छत पर बेकार पड़ी पानी की टंकियां आर्थिक हानि का कारण बनती हैं। यदि पानी की टंकी उपयोग में न हो तो उसे हटा देना चाहिए, अन्यथा यह रुकावट और मानसिक तनाव उत्पन्न कर सकती है।

**झाड़ू और पोछा :** कई लोग सफाई के बाद झाड़ू-पोछे को छत पर रख देते हैं, जो वास्तु के अनुसार अशुभ माना गया है। इससे लक्ष्मी का वास घर से हट सकता है और धन संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

**काले या गंदे कपड़े :** छत पर लंबे समय तक सूखने के लिए रखे गंदे या काले कपड़े भी नकारात्मकता बढ़ाते हैं। यह मानसिक तनाव और पारिवारिक कलह को बढ़ावा देते हैं।

**पुराने जूते-चप्पल :** अगर छत पर बेकार पड़े जूते-चप्पल जमा हैं, तो यह राहु और केतु जैसे अशुभ ग्रहों का प्रभाव बढ़ाते हैं। इससे जीवन में रुकावट और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

**बिना उपयोग की मशीन या इलेक्ट्रॉनिक्स :** टीवी, वॉशिंग मशीन या कूलर जैसी चीजें अगर खराब होने के बाद भी छत पर रखी हैं, तो यह आर्थिक तंगी और रोग बढ़ा सकती हैं।

**छत पर उग आई झाड़ियां या पौधे :** यदि छत पर काई, झाड़ियां या अनचाहे पौधे उग आए हों, तो यह घर की ऊर्जा को बाधित करते हैं और शनि दोष बढ़ाते हैं।

**तस्वीरें या मूर्तियां (खासतौर पर देवी-देवताओं की) :** वास्तु के अनुसार देवी-देवताओं की टूटी हुई या अनुपयोगी मूर्तियों को छत पर नहीं रखना चाहिए। इससे अनिष्ट फल प्राप्त होते हैं और पुण्य कर्मों का क्षय होता है।

# चैम्पियनशिप में दम दिखाया पावर लिफ्टरों ने

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में चौथी राज्य स्तरीय और दूसरी ओपन नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन लाखेनगर चौक स्थित ताम्रकार जिम में किया गया। प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि किशोर महानंद और विशेष अतिथि पूर्व पार्षद द्वय पुरुषोत्तम देवांगन व श्रीमति कामिनी देवांगन के हाथों प्रदेश एवं देश के पावर लिफ्टरों को खिताब से नवाजा गया। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक पिंटू वर्मा, राजेश साहू, केशरी सीखा, सुरेश पटेल और श्याम लाल ठाकुर रहे। ताम्रकार जिम बेरला के 14 वर्षीय कृष्णा साहू 280 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग मैन बने। सब जूनियर में दल्ली राजहरा के अखिलेश 467.5 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग मैन, सब जूनियर में रविन्द्र मौर्या ने दल्ली राजहरा ने 402.5 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग मैन का खिताब हासिल किया। सीनियर में बागबाहरा के गुरूदीप सिंह 620 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग मैन बने जबकि अनूपपुर के चंद्रकेश सिंह 630 किलो वजन उठाया पर बॉडी वेट से कट गया उसी प्रकार से महिला वर्ग मे सब जूनियर में रायपुर की आस्था झा 270 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग वूमैनबनी। जूनियर वर्ग मे प्रिया हरपाल, दल्ली राजहरा की 265 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग वूमैनजूनियर बनी। स्ट्रांग वूमैन दल्ली राजहरा की ललिता नायक 270 किलो उठाकर बनी जबकि अनूपपुर जिले कि अर्पना टोप्पो ने 290 किलो वजन उठाया लेकिन बॉडी वेट अधिक होने से स्ट्रांग वूमैन के खिताब से वंचित होना पड़ा। महिला मास्टर का खिताब 68 वर्षीय मनेंद्रगढ़ की कमला देवी मंगतानी को मिला। कवर्धा जिले की यशोदा ठाकुर का भी प्रदर्शन अच्छा रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप क्षत्रिय ने किया।




# कंधे के दर्द से परेशान हैं और नहीं मिल रही राहत तो कीजिए योगासन का नियमित अभ्यास

### योगासन रामबाण इलाज

कंधों में दर्द के कारण उठने बैठने और कई कार्य करने में समस्या होती है। इस दर्द से निजात पाने के लिए योगासन रामबाण इलाज हो सकता है। योग से कंधे का दर्द और कई अन्य शारीरिक समस्याओं से निजात मिल सकता है। कई योगासन हैं, जिनका अभ्यास अलग अलग समस्याओं से राहत दिलाता है। हालांकि कंधों के दर्द से छुटकारा चाहते हैं तो हलासन योग का अभ्यास नियमित तौर से करें। हलासन के अभ्यास से कमर व छाती के हिस्से में रक्त प्रवाह बढ़ाता है और गले व गर्दन के तनाव को कम किया जा सकता है।



### हलासन योग के फायदे

इस आसन को करने से थायरॉयड ग्रंथि से संबंधित समस्याओं से निजात मिलता है। कमर दर्द, सिर दर्द और इंसोम्निया की समस्या को कम किया जा सकता है। रीढ़ की हड्डी और कंधों को खिंचाव मिलता है और दर्द कम होता है। हलासन का अभ्यास तनाव और थकान को कम करने में सहायक है। जिन लोगों को वजन कम करना है, उनके लिए हलासन का अभ्यास फायदेमंद है।

### हलासन के अभ्यास का तरीका

**स्टेप 1-** हलासन के अभ्यास के लिए मैट पर पीठ के बल लेटकर हथेलियो को शरीर से सटा लें।

**स्टेप 2-** अब पैरों को कमर से 90 डिग्री का कोण बनाते हुए ऊपर उठाएं। इस दौरान हाथों से कमर को सहारा दे सकते हैं।

**स्टेप 3-** सांस अंदर की ओर खींचते हुए टांगों को सीधा रखें और सिर की तरफ झुकाएं। ऐसा करने से पैर सिर के पीछे हो जाएंगे।

**स्टेप 4-** पैर सिर के उतना पीछे ले जाने का प्रयास करें, जिससे पैरों के अंगूठे जमीन को छू सकें। इस पोजिशन में कुछ देर स्थिर रहते हुए श्वास पर ध्यान केंद्रित करें।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बीमार हुईं पॉप गायिका काइली मिनोग स्थगित किए वर्ल्ड टूर के चार यूरोपीय शो



पॉप गायिका काइली मिनोग बीमार हैं। ऐसे में उनके फैंस के लिए दुख की बात यह है कि उन्होंने अपनी बीमारी के चलते अपने चार आगामी शो स्थगित करने का एलान किया है। काइली मिनोग यूके में भीड़ को जमा करने के लिए अपने 'टेंशन' टूर पर प्रदर्शन कर रही थीं। लेकिन आवाज में दिक्कत की वजह से उन्हें अपने चार प्रोग्राम रद्द करने पड़े। 'टेंशन' टूर सात सालों में उनका पहला वैश्विक और उनके करियर का 16वां टूर है। उन्हें सोमवार को बर्लिन में प्रदर्शन करना था, उसके बाद पोलैंड, लिथुआनिया और एस्टोनिया में संगीत कार्यक्रम होने थे। पॉप गायिका ने अपने एक्स हैंडल पर प्रोग्राम के स्थगित होने का एलान किया है। काइली मिनोग ने एक्स पर लिखा 'मेरे प्रेमियों, जैसा कि आप में से कुछ लोग जानते होंगे, एक हफ्ता पहले हमने 'टेंशन' टूर का यूके में प्रचार किया। मैं लगभग कामयाब हो गई थी लेकिन बदकिस्मती से एक वायरल संक्रमण की चपेट में आ गई। मैंने सोमवार को अपना अगला कार्यक्राम शुरू करने के लिए जल्दी ठीक होने की कोशिश की लेकिन मुझे लगता है कि मुझे मंच पर वापस आने में और वक्त लगेगा। मुझे बहुत, बहुत खेद है! मेरे पास बर्लिन, लॉड्ज, काउनास और टालिन में शो को स्थगित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।'

### टॉलीवुड

## तृषा और सेतुपति की '96' का आएगा सीक्वल स्क्रिप्ट-शूटिंग को लेकर हुआ खुलासा



साल 2018 में रिलीज हुई साउथ फिल्म '96' का अब भाग 2 आने वाला है। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म में तृषा कृष्णन और विजय सेतुपति ने अहम भूमिका निभाई थी। अब इसके सीक्वल को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। विजय सेतुपति और तृषा की प्रसिद्ध रोमांटिक फिल्म '96' का सीक्वल बनाया जा रहा है। निर्देशक प्रेम कुमार ने बताया कि सीक्वल की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है और जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। पहली फिल्म अपनी भावनात्मक कहानी के लिए बहुत पसंद की गई थी। प्रशंसक राम और जानू की कहानी का अगला हिस्सा देखने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म '96' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन सी. प्रेम कुमार ने किया है। मद्रास एंटरप्राइजेज के एस. नंथगोपाल द्वारा निर्मित, फिल्म को ललित कुमार ने अपने बैनर सेवन स्क्रीन स्टूडियो के तहत वितरित किया था। इस फिल्म में विजय सेतुपति और तृषा कृष्णन ने राम और जानू के रूप में प्रमुख भूमिकाएं निभाई थीं। तृषा और विजय के अलावा फिल्म में गौरी जी किशन, आदित्य भास्कर, भगवती पेरुमल, देवदर्शिनी, आदुकलम मुरुगादॉस ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिल्म 1996 बैच के पूर्व छात्रों के स्नातक होने के बाईस साल बाद पुनर्मिलन के इर्द-गिर्द घूमती है।

### भोजपुरी

## पापा से पिटते-पिटते बचीं अक्षरा, तस्वीर शेयर कर बताया भोजपुरी क्वीन ने



भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की अपने पिता के साथ काफी अच्छी बॉन्डिंग है। वे कई मौकों पर इसका जिक्र कर चुकी हैं कि यहां तक पहुंचने में उनके पिता ने भरपूर साथ दिया। जिंदगी के एक मुश्किल दौर में भी उनके पिता ही थे, जिन्होंने उन्हें हिम्मत दी और फिर से उठ खड़े होने में मदद की। अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक फोटो शेयर किया है। इस फोटो को देखकर पहली बार में लगेगा कि उनके पिता अक्षरा सिंह की पिटाई करने वाले हैं। तस्वीर में पोज कुछ ऐसा है कि पिता अक्षरा की तरफ थप्पड़ उछाल रहे हैं और अभिनेत्री अपना गाल सहला रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'मेरे पापा और दुनिया के हर पिता को हैप्पी फादर्स डे'। फादर्स डे पर ही अभिनेत्री अक्षरा की मां का भी जन्मदिन था। उन्होंने मां के साथ एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया है। इसमें अक्षरा सजी-धजी नजर आ रही हैं। उनकी नाक से लेकर मांग तक सिंदूर लगा है। वीडियो के साथ अक्षरा ने लिखा है, 'जन्मदिन बहुत बहुत मुबारक हो मम्मा। ईश्वर तुम्हें हमेशा स्वस्थ और सुंदर रखें'। अक्षरा के दोनों पोस्ट पर यूजर्स के कमेंट्स सकारात्मक हैं। मगर, कुछ लोग सवाल कर रहे हैं कि बिना शादी के उन्होंने सिंदूर क्यों लगाया है। कुछ लोग इसे लेकर अदाकारा को ट्रोल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'बिना शादी के सिंदूर लगाने का शौक'। हालांकि, फैंस अभिनेत्री के लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। साथ ही लिख रहे हैं, 'आप भोजपुरी इंडस्ट्री की शान हो'।

## भारतीयता का जलवा

### लाइफ स्टाइल



इंडिया फैशन वीक पिछले दिनों नोवोटेल लंदन में हुआ। जिसमें भारतीय शादी और पारंपरिक परिधानों के कई ब्रांड शामिल हुए। इस आयोजन का उद्देश्य दक्षिण एशियाई शादी के परिधानों के लिए वन-स्टॉप शॉप प्रदान करना था। यहां कई भारतीय डिजाइनरों ने अपने कलेक्शन पेश किए। जिसे भारतीय मूल के अलावा ब्रिटेन के अन्य निवासियों ने भी खूब पसंद किया।

## गलत स्किनकेयर प्रोडक्ट्स से हो सकती है त्वचा को हानि, पहले पहचानें अपनी स्किन टाइप

हर कोई ये चाहता है कि उनकी त्वचा हमेशा दमकती और चमकती रहे, इसके लिए लोग महंगे-महंगे स्किन केयर और ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं। पर, कई बार इसका असर चेहरे पर दिखता नहीं है। इसकी एक वजह ये मानी जाती है कि ज्यादातर लोग अपनी स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट नहीं करते, क्योंकि उन्हें अपने स्किन टाइप के बारे में पता ही नहीं होता है। इसी के चलते हम आपको यहां अपना स्किन टाइप पता करने के टिप्स देने जा रहे हैं। ताकि आपका चेहरा भी खिला-खिला रहे और आपक पैसे बर्बाद न हों।

**ऐसे करें अपनी स्किन टाइप की पहचान :** स्किन टाइप पता करने के लिए सबसे पहले माइल्ड फेसवॉश की मदद से अपने चेहरे को साफ करें। इसके बाद किसी भी प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें। अब अपने चेहरे को ऐसे ही एक घंटे के लिए छोड़ दें। एक घंटे के बाद आप पता कर सकते हैं, कि आपकी त्वचा का टाइप क्या है। इसके लिए टिशू पेपर को अपने माथे, नाक, गाल और ठुड्डी पर रखें और फिर इससे आपको जानकारी मिल जाएगी।



नीचे जानकारी दी जा रही है कि टिश्यू पेपर कैसे आपका स्किन टाइप पहचानेगा।

**यदि स्किन ऑयली है तो :** यदि आपके चेहरे पर काफी चमक आ गई है, यानी कि पूरे चेहरे पर पसीना है तो समझ लीजिए कि आपकी स्किन काफी ऑयली है। जिन लोगों की त्वचा ऑयली होती है, उनके चेहरे पर मुंहासे की दिक्कत काफी सामने आती है। ऐसे में हमेशा ऐसे प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, जो पसीने पर रोक लगाते हों।

### यदि कॉम्बिनेशन स्किन है तो

यदि आपकी चेहरे पर सिर्फ टी जोन यानी कि माथा और नाक पर पसीना आया है तो मतलब है कि आपकी कॉम्बिनेशन स्किन है। कॉम्बिनेशन स्किन में सिर्फ टी जोन पर पसीना आता है, जबकि बाकी का चेहरा ड्राई रहता है। इसलिए ऐसे प्रोडक्ट इस्तेमाल करें जो कॉम्बिनेशन स्किन के लिए परफेक्ट हों। यदि चेहरा धोने के एक घंटे के बाद चेहरे पर खुजली हो रही है या फिर जलन मच रही है तो मतलब है कि आपकी त्वचा सेंसिटिव है। ऐसे लोगों को अपनी स्किन का खास ध्यान रखने की जरूरत है। सेंसिटिव स्किन पर कुछ भी काफी जल्दी रिएक्ट करता है, इसे कई बार परेशानी भी हो जाती है। इसलिए कुछ भी इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट करें।

## बॉडी टाइप के अनुसार चुनें बॉटमवियर सिंपल आउटफिट में भी दिखेगा परफेक्ट





फैशन

जब भी स्टाइलिंग की बात होती है तो हम सभी सिर्फ और सिर्फ अपर वियर पर ही फोकस करती हैं, जबकि बॉटम वियर पर भी उतना ही ध्यान दिया जाना चाहिए। अमूमन हम बॉटम वियर में कुछ भी पहन लेती हैं और फिर हमें वह लुक नहीं मिल पाता है, जो वास्तव में मिलना चाहिए। आपको शायद अंदाजा ना हो, लेकिन बॉटम वियर चुनते समय भी आपको अपनी बॉडी टाइप का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है।

जब आप अपने बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए बॉटम वियर चुनती हैं तो ऐसे में सिंपल आउटफिट में भी आपका लुक एकदम परफेक्ट नजर आने लगता है। आपको यह समझने की जरूरत है कि हर किसी के शरीर की बनावट अलग होती है। किसी के हिप्स थोड़े भारी होते हैं, तो किसी का पेट थोड़ा निकल जाता है।

**एप्पल शेप बॉडी :** इस तरह की बॉडी टाइप में मिड सेक्शन थोड़ा चौड़ा होता है, जबकि पैर स्लिम होते हैं। एप्पल बॉडी शेप के लिए हाई वेस्टेड जीन्स या ट्राउजर जैसे बॉटम्स सबसे अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि ये आपकी वेस्ट को हाइलाइट करते हैं। चूंकि एप्पल शेप्ड में पैर पतले होते हैं तो ऐसे में आप वाइड लेग पैंट्स या पलाजो को भी पहन सकती हैं, क्योंकि ये पैरों में एक वॉल्यूम लाते हैं, जिससे ऊपर का हैवीपन बैलेंस होता है। कोशिश करें कि आप ऐसी स्कर्ट्स को पहनें, जिनका बॉर्डर या हेमलाइन डिज़ाइन हो, क्योंकि ये ध्यान पेट से हटाकर नीचे की ओर खींचते हैं।

**पियर शेप बॉडी :** अगर आपकी पियर शेप बॉडी है तो इसका मतलब है कि आपके हिप्स और थाइज हैवी हैं, जबकि कमर पतली है। ऐसी बॉडी टाइप के लिए स्ट्रेट कट जीन्स या ट्राउज़र काफी अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि ये हिप्स के चौड़ेपन को बैलेंस करते हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो फ्लेयर्ड या बूटकट पैंट्स को भी पहन सकती हैं, क्योंकि ये नीचे ध्यान खींचते हैं और शेप को बैलेंस करते हैं। कोशिश करें कि आप डार्क कलर वाली बॉटम्स जैसे नेवी या ब्लैक को ही चुनें, क्योंकि इससे आपकी लोअर बॉडी अधिक स्लिम नजर आती है और आपका ओवर ऑल लुक बैलेंस दिखाई देता है।


**ऑवरग्लास बॉडी :** इस बॉडी टाइप में बस्ट व हिप्स बैलेंस होते हैं, जबकि कमर अधिक डिफाइन होती है। ऑवरग्लास बॉडी टाइप के लिए हाई वेस्ट जीन्स और पेंसिल स्कर्ट्स को चुनना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि वे कर्व्स को उभारते हैं और कमर को हाइलाइट करते हैं। अगर आप चाहें तो अपनी कमर को उभारने के लिए रैप स्कर्ट्स या ट्यूलिप स्कर्ट्स को भी स्टाइल कर सकती हैं।

## अपनी भौंहें संवारने आजमाए प्याज और मेथीदाना

घनी आइब्रो के लिए हम बाजार के सीरम या क्रीम की इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप चाहें तो इसके लिए घर पर मौजूद चीजों का इस्तेमाल करके इसके बालों की ग्रोथ अच्छी कर सकते हैं।

**आइब्रो को घना करने का आसान तरीका :** आप आइब्रो को घना करने के लिए आप बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम करें और घर पर रखे मेथी दाने और प्याज को लगाना शुरु करें। इससे आपके आइब्रो के बाल घने होने शुरु हो जाएंगे। साथ ही, बाल काले भी नजर आएंगे।

**आइब्रो पर प्याज और मेथी दाने का इस्तेमाल कैसे करें :** इसके लिए आपको प्याज को कद्दूकस करके इसका रस निकालना है। फिर आपने जो मेथी दाने को रात के समय भिगोकर रखा है। इसे मिक्सी में अच्छे से पीस लेना है। मेथी दाने के पेस्ट को आपको एक कटोरी में निकालना है। इसमें कद्दूकस के निकाले हुए प्याज के रस को डालना है। इसके बाद इस पेस्ट को अच्छे से मिक्स करना है। इसे ब्रश की मदद से अपनी आइब्रो पर लगाएं। इसे थोड़ी देर के लिए आइब्रो पर लगा रहने दें। फिर इसे पानी से साफ कर लें। इस नुस्खे को महीनेभर तक ट्राई करें। आपकी आइब्रो घनी नजर आएगी।



### आइब्रो में प्याज और मेथी दाने को इस्तेमाल करने के फायदे

आइब्रो की ग्रोथ में प्याज के रस को इस्तेमाल करने से बालों की ग्रोथ अच्छी होने लगती है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्याज में सल्फर होता है। ऐसे में इसे लगाने से बालों में मजबूती आती है। इससे आइब्रो से कम टूटते हैं। इसलिए आप इसके रस का इस्तेमाल कर सकती हैं। मेथी दाने से प्रोटीन, निकोटिनिक एसिड और लेसिथिन होता है। इससे बालों को प्रोटीन मिलता है। साथ ही, बाल झड़ने कम हो जाते हैं। इसे लगाने से आपकी आइब्रो घनी और काली नजर आती है। इसलिए हमारी दादी या नानी भी इसका इस्तेमाल करने की सलाह देती हैं। आप इन चीजों को लगाने से पहले चाहें तो एक बार एक्सपर्ट सलाह ले सकते हैं। साथ ही, पैच टेस्ट के बाद ही इसे लगाए। इससे आपकी आइब्रो घनी और काली नजर आएगी।

## रूसी से हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू तरीके, मिलेगा डैंड्रफ से छुटकारा

त्वचा पर खुजली के अलावा बालों का झड़ना, बालों में डैंड्रफ होना, स्कैल्प पर खुजली की समस्या भी काफी आम है। सबसे ज्यादा परेशानी तो तब होती है, जब सिर पर डैंड्रफ हो जाता है। बालों में होने वाली रूसी को हटाने के लिए आप या तो पार्लर जा सकते हैं, या फिर कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप डैंड्रफ से छुटकारा पा सकते हैं। घरेलू नुस्खों के लिए आपको ज्यादा कुछ करना नहीं पड़ेगा।

**रूसी को हटाता है टी ट्री तेल:** ये तेल आपके बालों के लिए रामबाण साबित हो सकता है। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो टी ट्री तेल को नारियल तेल के साथ मिलाएं और इसे अपने बालों में लगाएं। कुछ ही दिनों में आपको डैंड्रफ से राहत मिलेगी।



**विनेगर :** सेब के सिरके का इस्तेमाल करके आप बालों की रूसी को खत्म कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप एप्पल साइडर विनेगर और पानी को बराबर मात्रा में मिलाएं। अब इसे बाल धोने से पहले बालों में लगा लें। कुछ देर बाद बालों को धो लें।

**एलोवेरा :** एलोवेरा के इस्तेमाल से आप अपने बालों में होने वाले डैंड्रफ को हटा सकते हैं। इसके लिए सीधे ताजे एलोवेरा जेल को अपने बालों में लगाएं और कुछ समय बाद बालों को धो लें। ये जरूर आपको फायदा पहुंचाएगा।

**नींबू :** अगर आप नींबू का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो पहले इसे एक बार टेस्ट जरूर कर लें। नींबू कई लोगों को सूट नहीं करता है। अगर ये आपको सूट करता है तो ताजा नींबू का रस अपने स्कैल्प पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करते हुए 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें। ये रूसी को खत्म करने में मददगार होता है।

**बेकिंग सोडा :** बालों में बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करने के लिए आपको बस बालों को हल्का गीला करके बेकिंग सोडा के पेस्ट को बालों में लगाना है। कुछ दिन इसका इस्तेमाल आपको जरूर फायदा पहुंचाएगा।

### कार्नर न्यूज

## जानिए लोकप्रिय अभिनेत्रियां कैसे करती हैं खुद का मेकअप

आज के समय में ये कौन नहीं चाहता कि उनकी त्वचा ग्लो करे और हमेशा चमकती रहे लेकिन दमकती त्वचा पाना आसान नहीं होता। इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। आज के वक्त में खासतौर पर लड़कियां अपनी ग्लोइंग त्वचा के लिए महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करती हैं, पर कई बार इसका वैसा असर नहीं दिखता, जिसकी उम्मीद की जाती है। बॉलीवुड की अभिनेत्रियों को देखकर उनके जैसी त्वचा पाने की लालसा हर किसी के मन में पैदा होने लगती है।

## खूबसूरती का पैमाना बन चुकी तारिकाएं ऐसे संवारती हैं खुद को, आजमाइए इनके टिप्स



### प्रियंका का फेसपैक

प्रियंका अपनी खूबसूरत त्वचा का निखार बरकरार रखने के लिए होल व्हीट फ्लोर, हल्दी, नींबू का रस, फुल क्रीम योगर्ट और रोज वाटर को अच्छे से मिलाकर पैक तैयार करती हैं। इस पैक को कुछ देर के लिए चेहरे पर लगाकर चेहरा साफ कर लेती हैं। इस पैक की मदद से उनकी त्वचा दमकती रहती है।

### दीपिका पादुकोण

दीपिका की खूबसूरती का दीवाना तो हर कोई है। अपनी खूबसूरत त्वचा के लिए वो बेसन, दही, मलाई का पैक बनाकर चेहरे पर लगाती है। इसके इस्तेमाल ही उनकी त्वचा इतनी खिली-खिली रहती है।

### प्रियंका चोपड़ा

अपनी खूबसूरती से विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बनाने वालीं प्रियंका चोपड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो महंगे ट्रीटमेंट की बजाए घर में बने हुए एक फेसपैक का इस्तेमाल ज्यादा करती हैं।



### अनन्या पांडे

अनन्या पांडे का चेहरा हर वक्त ग्लो करता है। अपनी त्वचा को ग्लोइंग बनाने के लिए अनन्या 2 टेबलस्पून दही, हल्दी और हनी का पैक तैयार करती हैं। 15 मिनट के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाकर धोने के बाद चेहरा खिल उठता है।

### करीना कपूर

करीना की त्वचा को देखने के बाद तो हर कोई उनकी खूबसूरती का राज पूछता ही है। वो सैंडलवुड - 2 टेबलस्पून, विटामिन ई-2 ड्राप और थोड़ी सी हल्दी लेकर अक्सर पैक तैयार करती हैं और उसे अपने चेहरे पर लगाती हैं। यही उनकी खूबसूरत त्वचा का राज है।